www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापक: बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : शनिवार, 14 नवम्बर, 2026
अंक- 20 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

चिंगारी

लखनऊ में बैरिकेडिंग तोड़ विधानसभा की तरफ बढ़े अधिवक्ता





चौथी बार ओम कुमार

30 वां माँ भगवती का जागरण और मेरे सुपौत्र के नामकरण संस्कार में आप सभी भाई बहन सादर आमंत्रित हैं।

दिनांक : 15 नवम्बर 2026, दिन : रविवार

स्थान- ओम फार्म हाउस, महेश्वरी जट (बिजनौर-कोतवाली मार्ग)



ओम कुमार (विधायक)
21-विधानसभा क्षेत्र नहटौर
(भाजपा)



शोभा रानी (जिला उपाध्यक्ष)
भाजपा महिला मोर्चा
(बिजनौर)

कोसी नदी के पास कार्मोरेंट मृत मिलने से हड़कम्प

अफजलगढ़ (चिंगारी)। शुक्रवार की कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के नजदीक स्थित कोसी नदी के पास एक कॉर्मोरेंट पक्षी मृत अवस्था में मिलने से वन विभाग में हलचल मच गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पक्षी की मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जिम कॉर्बेट टाइगर



मृत पड़ा कॉर्मोरेंट।

रिजर्व के लैंडस्केप में सर्दियों की शुरुआत के साथ ही कोसी नदी में जलीय पक्षियों की गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। इन दिनों नदी में काले जलकौए पानी के भीतर लंबी डुबकी लगाकर मछलियों का शिकार करते दिखाई दे रहे हैं। कॉर्मोरेंट अपनी गोताखोरी की क्षमता के लिए पहचाने जाते हैं और पानी के भीतर रहकर मछलियों का शिकार करते हैं। सर्दियों के मौसम में कॉर्मोरेंट की कुछ प्रजातियां मध्य एशिया, उत्तरी क्षेत्रों और हिमालय के आसपास के ठंडे इलाकों से मैदानी क्षेत्रों की ओर आती हैं। कोसी नदी और आसपास के जलीय क्षेत्र इनके लिए अनुकूल आवास माने जाते हैं। हालांकि यहां दिखाई देने वाले सभी कॉर्मोरेंट प्रवासी नहीं हैं, बल्कि इनकी कुछ प्रजातियां स्थानीय रूप से भी पाई जाती हैं। ये पक्षी जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।



मृत कॉर्मोरेंट को ले जाते वनकर्मी।

दुनियाभर में 40 प्रजातियां

जानकारी के अनुसार दुनिया भर में कॉर्मोरेंट की लगभग 40 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से भारत में मुख्य रूप से तीन प्रजातियां देखी जाती हैं, जिसमें लिटिल कॉर्मोरेंट यह भारत की सबसे आम और सबसे छोटी प्रजाति है। इसका आकार लगभग एक घरेलू कौवे जितना होता है और इसकी चोंच छोटी होती है। यह देश भर की झीलों, तालाबों और नदियों में आसानी से दिख जाता है। वहीं इंडियन कॉर्मोरेंट यह आकार में मध्यम होता है और इसकी चोंच पतली व लंबी होती है। प्रजनन के समय इसकी आंखों के पास नीला रंग और सिर पर सफेद धब्बे उभर आते हैं। यह अधिकतर बड़े जलाशयों और नदियों के किनारे पाया जाता है, जबकि ग्रेट कॉर्मोरेंट यह सबसे बड़े आकार का पनकौआ है। इसके गले और गालों पर सफेद रंग का निशान होता है। यह भारत के साथ-साथ यूरोप, एशिया और अफ्रीका में भी पाया जाता है। वन विभाग के अनुसार प्रथम दृष्टया पक्षी की मौत आपसी संघर्ष के कारण होने की संभावना है। हालांकि मौत की वास्तविक वजह का पता लगाने के लिए वन विभाग की ओर से जांच की जा रही है।



विद्यार्थियों को मतदान के बारे जानकारी देते एसडीएम।

एसडीएम ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से अवगत कराया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (एनजीसीआई), नजीबाबाद में इलेक्ट्रॉनिक लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन इलेक्ट्रॉनिक लिटरेसी क्लब के कोऑर्डिनेटर पिंकुर चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नजीबाबाद एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने तथा वोटर आईडी कार्ड बनवाने की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए मतदाता पंजीकरण से संबंधित उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। एसडीएम ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक अधिकार एवं जिम्मेदारी है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं जागरूक बनने तथा अपने परिवार व समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान ने किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार, एनआईजीसी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिनव अग्रवाल, डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नीलावती, डॉ. नवनीत सहित संस्थान के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

ई-रिक्शा चार्जिंग के दो ठिकानों पर पकड़ी गई बिजली चोरी

बिजनौर (चिंगारी)। बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को बिजली विभाग की सतर्कता टीम ने नजीबाबाद में ई-रिक्शा चार्जिंग के दो ठिकानों पर बिजली चोरी पकड़ी। दोनों परिसरों में एलटी लाइन और पड़ोसी के मकान से अवैध केबल डालकर 54 ई-रिक्शा चार्ज किए जा रहे थे। जांच में कुल 27 किलोवाट बिजली चोरी का मामला सामने आया। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक (सतर्कता) और पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के मार्गदर्शन में एएसपी डिस्कॉम मेरठ और सीओ मुरादाबाद के निर्देशन में हाई लाइन लॉस फीडर पर अभियान चलाया गया। टीम ने नजीबाबाद के मोहल्ला हर्षवाड़ा में ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंटों की जांच की। जांच के दौरान एक परिसर में एलटी पोल से अवैध केबल डालकर 34 ई-रिक्शा चार्ज किए जा रहे थे। यहां 17 किलोवाट का भार पाया गया। वहीं, दूसरे परिसर में पड़ोसी के मकान की छत से छिपाकर कटिया डालकर 20 ई-रिक्शा चार्ज किए जा रहे थे, यहां 10 किलोवाट का भार मिला। दोनों परिसरों में कुल 27 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी गई। विभाग की ओर से दोनों संचालकों के खिलाफ थाना एपीटी बिजनौर में बिजली चोरी के मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। प्रवर्तन प्रभारी भवंर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।



कार चालक की लापरवाही से मासूम की मौत, घर में कोहराम

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। तेज रफ्तार कार चालक ने गांव के एक मोड़ पर लापरवाही से एक मासूम की मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मामला अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर गोकल उर्फ गढ़वावाला का है। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी महताब का पुत्र जियान शुक्रवार की अपराह्न पास के गांव मेघपुर में शादी समारोह से खाना खाकर कार द्वारा घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह गढ़वावाला में मोड़ पर पहुंचा तो उस मोड़ के पास ही स्थित डॉ. ईश्वर सिंह चौहान उर्फ़ बॉबी के घर के बाहर खड़े उसके



बालक की मौत के बाद मौके पर मौजूद भीड़।

6 वर्षीय इकलौते पुत्र अक्षित कुमार को कार ने चपेट में ले लिया, जिससे कुचलकर बालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मासूम की मौत से परिजन बिलख पड़े। मौके पर सीओ अफजलगढ़ आकांक्षा गौतम व प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सहयोगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद भारी भीड़ के बीच परिजनों से घटना की जानकारी प्राप्त की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी जियान पुत्र महताब निवासी ग्राम गढ़वावाला के खिलाफ बीएनएस की धारा 106)1) व 281 के तहत मुकदमा दर्ज कर कर कार को कब्जे में लेते हुए बालक के शव को पोस्टमार्टम कराया।

परिजनों का लाडला था अक्षित

ईश्वर सिंह उर्फ बॉबी के तीन बेटियों के बाद अक्षित सबसे छोटा इकलौता पुत्र था। बॉबी की सबसे छोटी बेटी के 7 साल के बाद बड़ी मन्नतों से यह बेटा हुआ था, जिसे मां-बाप और भाई बहनें ही नहीं, पूरा खानदान बड़ा लाड-प्यार किया करता था। गत 2 अक्टूबर को अक्षित 6 वर्ष का हुआ था। उसका जन्मदिन बहुत जोशो-खरोश के साथ मनाया गया था। इस हादसे में अक्षित की मौत से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बहनों और मां का रो-रो कर बुरा हाल है।

हर सुबह गुरु की वाणी से गूंज उठता है वातावरण

खासपुरा (चिंगारी)। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर न्यू सिंह सभा मेन रोड गुरुद्वारा में 40 दिन का अमृत बेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संगत सुबह 3 बजे से गुरुघर आकर गुरबाणी से जुड़ रही है। सुबह-सुबह नितनेम, जाप, कीर्तन और अरदास के साथ पूरा वातावरण गुरु की बाणी से गूंज उठता है। बलराम सिंह राठौर का कहना है कि अमृत बेला का ये 40 दिन का जाप संगत में बहुत उत्साह लेकर आया है। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सभी बड़ी श्रद्धा से सुबह उठकर गुरुद्वारे पहुंच रहे हैं। प्रकाश पर्व तक ये अमृत बेला इसी तरह जारी रहेगा। इस दौरान गुरुद्वारे में ज्ञानी राजप्रीत सिंह, बलराम सिंह, हरमन्दर सिंह, महिपाल सिंह, मुला सिंह, हरविंदर कौर, माया कौर, रचना कौर, लवली कौर, प्रियंका कौर, निशा कौर आदि मौजूद रहे।



विश्व मधुमेह दिवस पर नहटौर में निकली जागरूकता रैली

नहटौर (चिंगारी)। आज विश्व मधुमेह दिवस पर हेल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हेप्ट) की ओर से नहटौर में जागरूक रैली निकाली गयी, जिसका शुभारंभ डॉ. समीर भटनागर, सैयद ग़िज़ाल जैदी, डॉ. फारूक, डॉ. विकास त्यागी ने किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से प्रारंभ हुई रैली का शुभारंभ करने के उपरांत अतिथियों ने कहा कि हमें अपने और परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखना है। शुगर और बीपी की जांच करने के लिए दूसरों को प्रेरित



करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भोजन, व्यायाम को अपनाना चाहिए और मोबाइल का सीमित उपयोग करें। उन्होंने विशेष तौर पर युवाओं के धूम्रपान व अन्य नशे से दूर रहने का आह्वान किया। जागरूकता रैली में साईं मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजेश्वरी मॉर्डन एरा पब्लिक स्कूल, एच एम आई इंटर कॉलेज, बलराम कुँवर सरस्वती विद्या मंदिर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, श्याम नारायण स्मारक इंटर कॉलेज आदि के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बबीता रानी प्रिंसिपल जीजीआइसी, मेजर चरण शर्मा, गिजाजल मेहंदी, नावेद इकबाल, अंकुर जैन, संजीव गोड, अमित चौहान, सैयद बिलाल जैदी, सुरेंद्र शर्मा, दुष्यंत त्यागी, आसिफ हुसैन, शुभम त्यागी आदि मौजूद रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार



बिजनौर (चिंगारी)। नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और उसके फोटो वायरल करने की धमकी देने के आरोपी को कोतवाली शहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 10 नवंबर को एक महिला ने कोतवाली शहर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मोहल्ला मिर्दगान निवासी आकिब पुत्र शराफत ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ जबरदस्ती गलत काम किया। आरोपी ने उसके फोटो वायरल करने और जान से मारने की धमकी भी दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आकिब के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने समेत पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाली शहर पुलिस ने गुरूवार को आरोपी आकिब को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाल अवनीत मान ने बताया कि आरोपी का चालान कर उसे कोर्ट में पेश कर दिया है।



बिजनौर की पत्रकारिता का पूरक

सम्पादकीय

बिजनौर टाइम्स वह चमकता सूरज है, जिसने बिजनौर की पत्रकारिता को आलोकित किया। बिजनौर के विकास में महती योगदान के साथ-साथ इस समाचार-पत्र ने देश को अनेक प्रतिभावान पत्रकार भी दिये हैं। एक समय था, जब बिजनौर में पत्रकारिता के विद्यार्थियों की प्रथम पाठशाला बिजनौर टाइम्स संस्थान होता था।



बिजनौर टाइम्स के संस्थापक बाबूसिंह चौहान ने अपनी लेखनी से आंचलिक पत्रकारिता को एक नई पहचान दी। चौहान साहब का उददेश्य केवल समाचार-पत्र प्रकाशित करना नहीं था, बल्कि जनचेतना जगाना, अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाना और लोकतंत्र की आत्मा को शब्द देना था। उनकी लेखनी में किसान की पीड़ा थी, आम आदमी का दर्द था और गांव-देहात की धड़कन थी। यही कारण था कि अत्यंत सीमित साधनों से प्रकाशित दैनिक बिजनौर टाइम्स अपने आरंभिक जीवन में ही जनता के दिलों की आवाज़ बन गया था।

श्रद्धेय बाबूसिंह चौहान ने अपनी लेखनी से यह सिद्ध किया कि पत्रकार का काम केवल सूचनाएं देना नहीं, बल्कि जनता का प्रहरी, समाज का दर्पण और व्यवस्था परिवर्तन की मशाल बनना है। बिजनौर टाइम्स ने आरंभ से ही उन मुद्दों को उठाया, जिन्हें उस समय दिल्ली व अन्य महानगरों से छपने वाले अख़बार अनदेखा करते थे। किसानों की दुर्दशा, श्रमिकों के शोषण, ग़रीबों की पीड़ा और सामाजिक विषमताओं को बिजनौर टाइम्स और बाबूसिंह चौहान ने जिस शिद्दत और संवेदनशीलता के साथ उठाया, हिन्दी पत्रकारिता में उसके कम ही उदाहरण मिलते हैं। बाबूसिंह चौहान द्वारा लिखे गये संपादकीय और ख़बरें केवल शब्द थे, बल्कि वे साहस, संघर्ष और संवेदना के स्वर थे।

बाबूसिंह चौहान की लेखनी में एक अजीब-सी तड़प थी। वे सत्ता से टकराने का साहस रखते थे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से लेकर सरकार तक उन सभी मुद्दों को उजागर किया, जिनसे जनता प्रभावित थी। यही कारण था कि बिजनौर टाइम्स को जनता का अख़बार कहा जाने लगा। बिजनौर टाइम्स का टैग वाक्य भी है- **हर क़दम पर जनता के साथ, दस्तक देता हर प्रभात।**

दैनिक बिजनौर टाइम्स ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे। कितने ही अवरोधों को पार कर बिजनौर टाइम्स यहां तक पहुंचा है। कभी सत्ता का कोपभाजन बनना पड़ा तो कभी वैचारिक शत्रुओं ने षडयंत्र किये। सरकार के विरुद्ध लिखने पर विज्ञापन तक रोके गये। इतना ही नहीं, ग़रीबों के हक़ में आवाज उठाने पर रासुका लगाकर चौहान साहब को जेल में डाला गया और यातनाएं दी गईं। यहां तक कि स्वतंत्र लेखन और निर्भीक पत्रकारिता के लिये उन्हें अपनी जीवनसंगिनी का भी बलिदान देना पड़ा।

मात्र 5 पैसे मूल्य के साथ 14 नवम्बर 1963 को शुरू हुआ बिजनौर टाइम्स बिजनौर की हर धड़कन की गवाह बना है। आलोचक कुछ भी कहने को स्वतंत्र हैं, लेकिन बिजनौर टाइम्स केवल एक समाचार-पत्र नहीं बल्कि समय का सच बोलता हुआ वह आईना है, जिसमें आम जनजीवन की तस्वीर झलकती है। बिजनौर टाइम्स ने हमेशा शोषितों, पीड़ितों, वंचितों की पीड़ा को स्वर दिया है और नये भारत का सपना देखने वाली युवा पीढ़ी की उम्मीदों को उड़ान दी है।

आज जब सूचना क्रांति के इस दौर में मीडिया के बारे में आम लोगों की सोच बेहद नकारात्मक हो गई है, तब भी दैनिक बिजनौर टाइम्स की विश्वसनीयता वही है, जो जनसरोकारों की धड़कनों से जुड़ी हुई है। कह सकते हैं बिजनौर टाइम्स अतीत का रक्षक ही नहीं, वर्तमान का साक्षी और भविष्य का मार्गदर्शक भी है। इसके हर संपादकीय इस बात की गवाही देते हैं कि शब्द यदि सच्चे हों, तो समय को भी चुनौती दे सकते हैं। आइये! बिजनौर टाइम्स की 63वीं वर्षगांठ को पत्रकारिता के 'दधीचि' की स्मृतियों के साथ मनायें।

- सूर्यमणि रघुवंशी

भूखा मानव क्या करेगा?

एक प्रश्न, जिसने व्यवस्था को झकझोरा, एक क़लम, जिसने जनपक्षधर पत्रकारिता की मिसाल क़ायम की।

इतिहास केवल घटनाओं का लेखा-जोखा नहीं होता, वह उन व्यक्तित्वों की स्मृतियों से भी निर्मित होता है, जिन्होंने अपने समय की चेतना को दिशा दी। कुछ लोग अपने जीवनकाल में ऐसे मानदंड स्थापित कर जाते हैं, जिनकी प्रासंगिकता समय के साथ और बढ़ती जाती है। स्वर्गीय श्री बाबू सिंह चौहान ऐसे ही विलक्षण व्यक्तित्व थे। वे स्वतंत्रता आंदोलन के कार्यकर्ता, समाजवादी विचारक, साहित्यकार, मजदूर आंदोलनों के सहभागी और मानवीय मूल्यों के प्रति आजीवन प्रतिबद्ध निर्भीक पत्रकार थे।



उनकी पत्रकारिता का मर्म समझना हो तो उनके चर्चित संपादकीय के शीर्षक पर ठहरना होगा- 'भूखा मानव क्या करेगा?' उपलब्ध प्रकाशित विवरणों के अनुसार, वर्ष 1964 के आसपास देश खाद्यान्न संकट और महंगाई की कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा था। एक ग़रीब रिक्शाचालक के बच्चे दो दिनों से भूखे थे। विवश पिता भोजन की व्यवस्था के लिए निकला, किंतु आर्थिक असमर्थता ने उसके सामने असहायता की दीवार खड़ी कर दी। इसी घटना ने बाबू सिंह चौहान जी के संवेदनशील मन को उद्वेलित किया। उन्होंने इस पीड़ा को अपने संपादकीय में स्वर दिया। उनके लिए भूख केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रश्न थी।

बिजनौर टाइम्स में यह शीर्षक वस्तुत: व्यवस्था से एक नैतिक प्रतिप्रश्न था। जब पेट की आग मनुष्य की समस्त विवशताओं पर भारी पड़ जाए, तब समाज उसके आचरण का मूल्यांकन किस कसौटी पर करेगा? यही वह दृष्टि थी, जो उन्हें सामान्य पत्रकारिता से अलग पहचान देती थी।

विचारों की यात्रा : स्वतंत्रता से समाजवाद तक

वर्ष 1930 में ग्राम महावतपुर, अफजलगढ़ क्षेत्र, जनपद बिजनौर में जन्मे बाबू सिंह चौहान का जीवन आरंभ से ही संघर्ष और सामाजिक चेतना से अनुप्राणित रहा। वर्ष 1943 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उनकी गिरफ्तारी का उल्लेख प्रकाशित जीवनी में मिलता है।

स्वतंत्रता से पूर्व वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता रहे। वर्ष 1948 में जयप्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया और आचार्य नरेंद्र देव के साथ कांग्रेस छोड़कर सोशलिस्ट पार्टी से जुड़े। वर्ष 1953 में उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर बाद के जनांदोलनों और मजदूर आंदोलनों तक उनकी सक्रियता बनी रही। अंतत: वर्ष 1966 में उन्होंने राजनीतिक दलों से संबंध विच्छेद कर स्वयं को पूर्णकालिक पत्रकारिता के लिए समर्पित कर दिया।

'चिंगारी' से 'बिजनौर टाइम्स' : शब्दों से जनचेतना तक



26 जनवरी 1950 को हिंदी साप्ताहिक 'चिंगारी' का संपादन एवं प्रकाशन प्रारंभ करके उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके बाद 'मांझी', 'अनुशीलन', 'अणुव्रत' और 'नवरंग' जैसी पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया। पंजाब के भटिंडा से प्रकाशित हिंदी दैनिक 'जनजीवन' का संपादन भी उनके अनुभव का हिस्सा रहा।

14 नवंबर 1963 को दैनिक 'बिजनौर टाइम्स' की स्थापना एवं प्रकाशन उनके जीवन की ऐतिहासिक उपलब्धि थी। उपलब्ध जीवनी के अनुसार, यह बिजनौर तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रथम दैनिक समाचार-पत्र था। आगे चलकर 25 अक्टूबर 1985 को सांध्य दैनिक 'चिंगारी' और 22 अगस्त 1991 को उर्दू दैनिक 'रोजाना ख़बर जदीद' का प्रकाशन प्रारंभ कर उन्होंने क्षेत्रीय पत्रकारिता को बहुआयामी विस्तार दिया। वे उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन तथा ऑल इंडिया स्मॉल एवं मीडियम न्यूजपेपर्स फेडरेशन के उपाध्यक्ष भी रहे।

साहित्य : अनुभवों की संवेदना और विचारों का विस्तार

बाबू सिंह चौहान केवल समाचारों के रचनाकार नहीं थे, वे शब्दों के ऐसे साधक भी थे, जिन्होंने जीवन के विविध रंगों को साहित्य में अभिव्यक्ति दी। 'मैली चुनरी, उजला मन', 'हवा के पंख' और 'पनघट की नीलामी' जैसे उपन्यास उनकी रचनात्मक प्रतिभा के परिचायक हैं। 'दर्पण झूठ बोलता है', 'उफनती दुनिया के सामने', 'पीठ पर नीलगगन' और 'मकड़जाल में आदमी' उनकी उल्लेखनीय कृतियां हैं।

जैन दर्शन पर आधारित 'प्रकृति पुत्र', 'निराले संत', 'धर्म दर्शन' तथा 'जैन धर्म के चार सिद्धांत' जैसी रचनाएं उनके अध्ययन की व्यापकता दर्शाती हैं।


उनकी यात्रा संस्मरण कृति 'श्रमवीरों के देश में' के लिए वर्ष 1975 में सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार प्राप्त होने का उल्लेख प्रकाशित जीवनी में मिलता है। जीवन के अंतिम पड़ाव तक विभिन्न विषयों पर दस हजार से अधिक अग्रलेख लिखने का विवरण उनकी लेखकीय सक्रियता का परिचायक है।

प्रकाश पंकज, शिक्षक हल्दौर

बर्फ से ढकी पर्वत चोटियों का नज़ारा देखते ही रह गये

अफजलगढ़ (चिंगारी)। शुक्रवार को प्रकृति ने ऐसा खूबसूरत नजारा पेश किया कि देखने वाले बस देखते ही रह गए। देवानंदपुरगढ़ी (रेहड़) स्थित गुरुद्वारे के पीछे से दूर क्षितिज पर हिमालय की बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची पर्वत चोटियां स्पष्ट दिखाई दीं। आसमान में धुंध और बादलों का असर कम होने के कारण दूर तक फैली पर्वत श्रृंखलाओं का मनमोहक दृश्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया। प्रकृति की इस अद्भुत छटा को देखकर लोग गदगद हो उठे।

इस दृश्य को अपने कैमरे में कैद करने वाले वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एआर रहमान ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मौसम साफ होने के साथ ही हिमालय की चोटियां अपनी पूरी भव्यता के साथ नजर आईं। ऐसा लग रहा था मानो सफेद बर्फ की चादर ओढ़े विशाल पर्वत श्रृंखलाएं आसमान की गोद में अपनी खूबसूरती बिखेर रही हों। उन्होंने कहा कि मौसम साफ होने पर ग्राम देवानंदपुरगढ़ी से हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों का इस तरह दिखाई देना अपने आप में एक अद्भुत अनुभव है। प्रकृति की खूबसूरती को करीब से महसूस करना और उसे कैमरे में कैद करना बेहद सुखद एहसास है। ऐसे दृश्य हमें प्रकृति के संरक्षण और उसकी अनमोल धरोहर को सहेजने का संदेश भी देते हैं। मैदानी क्षेत्र से इतनी दूर स्थित हिमालय की चोटियों का साफ दिखाई देना लोगों के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। जिसने भी इस नजारे को देखा वह कुछ पल ठहरकर प्रकृति की इस अनुपम सुंदरता को निहारता नजर आया। साथ ही उन्होंने बताया कि देवानंदपुर गढ़ी का गुरुद्वारा लगभग 60 वर्ष पुराना है, जिसके वर्तमान में ग्रंथि जसविंदर सिंह है। इस नजारे को अपनी आंखों से देखने वालों में किसान अजमेर सिंह, गुरप्रीत सिंह, रघुवीर सिंह, परमजीत सिंह, गुरचरनजीत सिंह, सुखबीर सिंह, नवजीत सिंह, सुखदेव सिंह, बलविंदर सिंह, मंगल सिंह, गुरविंदर सिंह आदि रहे।



ग्राम देवानंदपुर गढ़ी से दिखती हिमालय पर्वत की श्रेणियां।

(फोटो माध्यम : वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एआर रहमान)

एमडीकेवी की छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज में साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी एवरनेस अभियान के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं को डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता जैसे इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ अंग्रेजी प्रवक्ता बबीता रानी खैरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर नजीबाबाद थाने के क्राइम इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह वं उनकी टीम में शामिल शुभम गंगवार, कु. बुशरा, कु. प्रति फोगाट, गौरव जादौन ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार की जानकारियों से अवगत कराया। यह जानकारी विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम नसरीन द्वारा दी गई।

बहुजन स्वराज संकल्प महारैली सफल बनाने को पदयात्रा जारी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित माता रमाबाई अंबेडकर मैदान शारदा नगर शहीद पथ में आयोजित होने जा रही बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए जनसंपर्क तेज कर दिया है। रैली में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष विष्णु कुमार गौतम के नेतृत्व में गांव-गांव निकाली जा रही पदयात्रा तीसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की टोली ने ग्राम रामदासवाली, सबलगढ़, सरायआलम व जालपुर का सघन भ्रमण किया। पदयात्रा के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर संविधान दिवस के महत्व को बताते हुए सभी से भारी संख्या में लखनऊ महारैली में पहुंचने का आह्वान किया गया। इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसेन हल्दिया, विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, मोहन सिंह, कौशल कुमार, शिवम हल्दिया, आलोक कुमार, वीरेंद्र सिंह, उमेश मौर्य, आकाश कुमार, प्रभा देवी, अजय कुमार, आशीष जाटव, यशवर्धन व गौरव कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



इमामबाड़े में मजलिस-ए-अय्याम-ए-फ़ातिमा ज़हरा का आयोजन

मौलाना कमाल ताहिर ने बयान किए बीबी फ़ातिमा ज़हरा (स.अ.) के फ़ज़ाइल और मसाएब, नौहाख्वानी के बाद हुआ मातम

बिजनौर (चिंगारी)। स्थानीय मोहल्ला बुखारा स्थित इमामबाड़ा में मजलिस-ए-अय्याम-ए-फ़ातिमा ज़हरा (स.अ.) की दूसरी मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस का आयोजन रसूले खुदा हज़रत मोहम्मद मुस्तफ़ा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की बेटी हज़रत फ़ातिमा ज़हरा (स.अ.) की शहादत की याद में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर बीबी फ़ातिमा ज़हरा (स.अ.) को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश किया।



मजलिस को ख़िताब करते हुए मौलाना कमाल ताहिर ने हज़रत फ़ातिमा ज़हरा (स.अ.) के फ़ज़ाइल, उनकी अज़मत और उनकी ज़िंदगी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने उनकी शहादत से जुड़े दर्दनाक वाक़िआत और उन पर गुज़रे मसाएब बयान किए। मौलाना ने कहा कि रसूले खुदा (स.अ.व.) की वफ़ात के बाद बीबी फ़ातिमा ज़हरा (स.अ.) को अनेक तकलीफ़ों और परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने उनके घर पर हुए हमले, घर में आग लगाए जाने और जलते हुए दरवाज़े से पहुंची चोटों का ज़िक्र करते हुए उनके दर्द और तकलीफ़ों को बयान किया। उन्होंने बताया कि इन घटनाओं में उनका दाहिना हाथ और बाईं ओर की दो पसलियां टूट गई थीं। मौलाना के बयान के दौरान मजलिस में मौजूद अकीदतमंद ग़मगीन हो गए।

मजलिस के समापन पर नौहाख़ूवानी का सिलसिला शुरू हुआ। नौहाख़ूवान बाक़र हसनैन और ज़ैदी मुज़फ़्फ़रनगरी ने दर्दभरे अंदाज़ में नौहे पेश किए। नौहों के दौरान अकीदतमंदों ने पुरसोज़ मातम कर बीबी फ़ातिमा ज़हरा (स.अ.) की शहादत का ग़म मनाया। मजलिस का एहतमाम मुजाहिद नक़वी साहब की जानिब से किया गया।

इम्पीरियल स्कूल की 18 वीं इंटर-हाईस्कूल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में शानदार उपलब्धि

नजीबाबाद (चिंगारी)। इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सेंट मैरी स्कूल नजीबाबाद में डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित 18 वीं इंटर-हाईस्कूल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन किया। युवा खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रतिभा, अनुशासन, आत्मविश्वास व खेल भावना का परिचय दिया। चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक जीतने वालों में कृष्णा विश्नोई, जतिन कुमार, शौर्य त्यागी, रजत पदक विजेताओं में केशव राज, सुकृत सिंह, मिस्टी राजपूत, कांस्य पदक विजेताओं में मायरा हल्दिया, हर्ष वर्धन, यश वर्धन, अबुज़र, अब्दुल्ला, जिज्ञासा सिंह, चहक शामिल रहे। इन शानदार उपलब्धियों के अलावा चार छात्रों जतिन कुमार, शौर्य त्यागी, सुकृत सिंह व मौ. कैफ को व्यक्तिगत ट्रॉफिया भी मिली, जो उनके बेहतरीन प्रदर्शन को खास बनाती है। इस दिन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल ने टीम रनर-अप ट्रॉफी जीती, जिसने पूरे स्कूल के लिए एक अवसर पर खास बना दिया। इसके लिए कोच वंशिका चौहान की प्रशसा की गई। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक राजपूत, डायरेक्टर दीपक राजपूत एवं प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत ने सभी पदक विजेताओं व प्रतिभागियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके खेल सफर में आगे भी सफलता की कामना की।



ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में पदक हासिल करने वाले विद्यार्थी।

उत्तराखण्ड में एसएसआर की शुरुआत, ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित

11 दिसंबर तक दावे व आपत्तियां होंगी दर्ज, 4 जनवरी को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन

देहरादून (चिंगारी)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तराखण्ड राज्य में 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान संपादित किया जा रहा है। राज्य में 12 नवंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में उत्तराखण्ड में कुल 7278035 मतदाता शामिल किए गए हैं। जिसमें 34,84,447 महिला, 37,93,373 पुरुष मतदाता एवं 215 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इसके अतरिक्त प्रदेश में सर्विस मतदाताओं की संख्या 86,028 है। जिसमें 83,352 पुरुष एवं



2,676 महिला शामिल हैं। वर्तमान में मतदान केंद्रों के पुनर्गठन के बाद प्रदेश में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 12498 हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में प्रदेश में 4 से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान संपादित किया गया। इस अभियान में 125216 मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए गए जबकि 6130 मतदाताओं के फार्म 7 प्राप्त होने पर विधिवत निस्तारित किए गए।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखण्ड राज्य की ड्राफ्ट मतदाता सूची को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट www. voter.eci.gov.in एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की वेबसाईट www.ceo.uk.gov.in पर ऑनलाइन विजिट कर देखा जा सकता है। इसके साथ ही डीईओ / ईआरओ कार्यालय एवं बीएलओ के माध्यम से भी सूची को देखा जा सकता है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची की प्रति मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को साफ्ट कॉपी उपलब्ध करायी गई है। जनपद स्तर पर मतदाता सूची की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जा रही है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद ऐसे व्यक्ति जो 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं या किन्ही कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके हैं वे 11 दिसंबर 2026 तक फार्म 6 भरकर अपने बीएलओ के माध्यम से ऑफलाइन मॉड में आवेदन कर सकते हैं, इसके साथ ही ईसीआई नेट ऐप के माध्यम से भी ऑनलाइन फार्म 6 भरकर आवेदन किया जा सकता है। आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के कार्यक्रमानुसार 12 नवंबर 2026 से 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही 28 दिसंबर 2026 तक दावे-आपत्तियों की सुनवाई भी की जाएगी। 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास भी अम्पस्थित रहे।

महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा का चुनाव 22 को



बैठक में उपस्थित संस्था के पदाधिकारी।

धामपुर (चिंगारी)। महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा धामपुर की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव के संबंध में चुनाव समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन सूर्य टैंट हाउस धामपुर में किया गया। बैठक में नगर कार्यकारिणी के चुनाव की प्रक्रिया पर गहन विचार विमर्श के पश्चात नवीन कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया क्षत्रिय नगर स्थित क्षत्रिय धर्मशाला में 22 नवंबर, रविवार को प्रात: 11 बजे संपन्न कराई जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में चुनाव समिति के अध्यक्ष डॉ. कमलेश कुमार, समिति के सदस्य राजपाल सिंह, चंद्रभान सिंह व महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष हरिराज सिंह चौहान, यशवीर सिंह गीतम, रविंद्र सिंह पप्पू उपस्थित रहे।

कोरियोग्राफर रोमियो मयूर की वालिदा का इंतकाल

धामपुर/जैतरा (चिंगारी)। ग्राम जैतरा निवासी नसीमा (उम्र 72) का कल जुम्मे की दोपहर हार्ट फेल होने से इंतकाल हो गया। मरहूम नसीमा कोरियोग्राफर रोमियो मयूर की वालिदा थी। उनके निधन का समाचार सुनकर ग्राम जैतरा में शोक की लहर दौड़ गई और शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का उनके आवास पर ताता लग गया। जुम्मे की देर शाम ईशा की नमाज के बाद ग्राम जैतरा स्थित कब्रिस्तान में उनको दफनाया गया। उनके इंतकाल पर समाजसेवी दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, इंजीनियर अनिल शर्मा, नसीम सलमानी, सलमान फरीदी, राशिद हुसैन, सतवंत सिंह सलूजा, एसपी सलूजा, सरदार मंजीत सिंह सलूजा, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी भाजपा नेता दुष्यंत चौहान, ग्राम प्रधान पति आदित्य वीर सिंह, खुर्शीद अहमद, महेंद्र सिंह सिसोदिया, एजाज धामपुरी, अरुण भटनागर आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

कल से मनाया जायेगा दो दिवसीय श्याम जन्मोत्सव

धामपुर (चिंगारी)। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा 15 व 16 नवंबर को शुभम मंडप में दो दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए पंडित विकास वशिष्ठ ने बताया कि



15 नवंबर रविवार को नगर में 111 निशान ध्वज लेकर निशान यात्रा प्रात 9 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर से निकाली जाएगी, जबकि 16 नवंबर सोमवार को शुभम मंडप में शाम 6:30 बजे पूजन वह 7 बजे ज्योत व भव्य श्री श्याम कीर्तन होगा इस अवसर पर वृंदावन धाम से भजन गायिका कंचन त्रिवेदी व मध्य प्रदेश से भजन गायिका रजनी शर्मा अपने भजनों के माध्यम से खाटू श्याम जी की महिमा का गुणगान करेंगी।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

ठंड ने देनी शुरू कर दी दस्तक निकल आये कंबल और गर्म वस्त्र

धामपुर (चिंगारी)। कार्तिक मास के महीने में आने वाले गंगा स्नान पर्व की दस्तक के साथ ही मौसम में भी परिवर्तन आने लगा है। अब लोगों ने रात में जहां एसी और कूलर का उपयोग बंद कर दिया है वहीं रात को ओढने के लिए चादर की जगह कंबल का प्रयोग शुरू कर दिया है। मौसम में आए परिवर्तन के कारण अब सुबह शाम गुनगुनी ठंड होने लगी है, जिससे बचने के लिए बच्चों ने स्कूल जाते समय गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिए हैं। दिन में भी निकलने वाली धूप बच्चों और वृद्ध को खूब भा रही है। अनुमान है कि 15 नवंबर के बाद ठंड का प्रकोप और बढ़ने लगेगा। ऐसे में ठंड के मौसम को देखते हुए रेडीमेड कपड़ों के विक्रेताओं ने दुकानों में सामान की आमद शुरू कर दी है। उधर ठंड के मौसम से बचाव के लिए नगर पालिका प्रशासन ने भी कार्य योजना बनानी शुरू कर दी है।

कुंभ की तैयारियों के लिए 78.18 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून (चिंगारी)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण एवं पुनर्निमाण, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था तथा आपदा राहत कार्यों के साथ ही कुंभ मेले के सफल आयोजन हेतु अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु कुल 78.18 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट में मरचूला स्यालदे देवाल घाट मोटर मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग डोटियाल से चम्पानगर) का सुधारीकरण किये जाने हेतु 7.57 करोड़, रिची नौघर मण्डलकोट भुजान मोटर मार्ग (एन.एच.-71) का चौड़ीकरण व डामरीकरण किये जाने हेतु 6.20 करोड़, जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार में चिल्लरखाल-सिगड्डी-कोटद्वार-पोखरों मोटर मार्ग के किमी 13 से 16 तक सड़क का सुदृढ़ीकरण किये जाने हेतु 7.29 करोड़, जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के अन्तर्गत फरसाड़ी-गढ़कोट -छांछरों मोटर मार्ग का पुन:निर्माण एवं सुधारीकरण किये जाने हेतु 36.12 लाख तथा जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र कपकोट में रिखाड़ी बाछम (कर्मी से विनायकधार) मोटर मार्ग के किमी 21.500 से 30.050 तक बी.एम./बी.सी. द्वारा सुधारीकरण किये जाने हेतु 9.86 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा बहादराबाद, ज्वालापुर, कनखल सैक्टर हेतु अस्थायी पाईप लाईन बिछाना, स्टैण्ड पोस्ट, पीवीसी टैंक, अस्थायी जल संयोजन, वाटर फिल्टर के अधिष्ठापन एवं तत्सम्बंधित कार्य एवं रख-रखाव हेतु 3.68 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा कुंभ मेला 2027 के अन्तर्गत हरिद्वार में वाटर स्क्रीन पर मल्टीमीडिया शो के साथ म्यूजिकल फाउंटेन की डिजाइनिंग, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग कार्य हेतु 4.43 करोड़, भीमगोडा हरिद्वार में सौन्दर्यीकरण और उन्नयन का कार्य किये जाने हेतु 3.43 करोड़ तथा हरिद्वार शहर में शिव मूर्ति चौक से आर्य नगर चौक तक पुराने नीति पास के किनारे सड़क के डिवाइडर का पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण किये जाने हेतु 7.35 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने के साथ ही कुम्भ/अर्द्धकुम्भ मेला व्यवस्था हेतु मशीन उपकरण, सज्जा एवं संयत्र क्रय हेतु पुलिस महानिदेशक के निवर्तन पर रखी गई 10.00 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद उधम सिंह नगर में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को राहत एवं अनुग्रह सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु 18.00 करोड़ की धनराशि आंवटित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

18 को मनेगी अग्रसेन जयंती

धामपुर (चिंगारी)। अग्रवाल सभा पंजीकृत धामपुर द्वारा अग्रवश शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर 18 नवंबर, बुधवार को रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित अग्रवाल धर्मशाला में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, विपिन कुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल बढा पुरिया ने बताया कि शाम 4 बजे हवन, 6 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर वकीलों ने किया लखनऊ कूच

सैकड़ों अधिवक्ता धरना-प्रदर्शन में हुए शामिल

बिजनौर (चिंगारी)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन एक बार फिर तेज होता नज़र आ रहा है। इसी कड़ी में जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी, बिजनौर के सैकड़ों अधिवक्ता कल रात जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में लखनऊ के लिए रवाना हुए।

लखनऊ के जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को लेकर आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए अधिवक्ता वाहनों के बड़े काफिले के साथ रवाना हुए। काफिले को दैनिक चिंगारी के संपादक



सूर्यमणि रघुवंशी एवं पूर्व डीजीसी क्रिमिनल हुजूर मेंहदी जैदी एडवोकेट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान युवा अधिवक्ता शुभम चौधरी के नेतृत्व में भी बड़ी संख्या में युवा अधिवक्ता लखनऊ के लिए रवाना हुए। युवा अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प जताया।

अधिवक्ताओं का कहना है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना क्षेत्र की करोड़ों जनता को सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय दिलाने के लिए जरूरी है। वर्तमान में इलाहाबाद हाईकोर्ट की दूरी अधिक होने के कारण वादकारियों को मुकदमों की पैरवी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, इससे उनका समय और धन दोनों खर्च होते हैं।

लेकर रहेंगे बैंच-राजेन्द्र

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार एडवोकेट ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना केवल अधिवक्ताओं की मांग नहीं, बल्कि क्षेत्र की आम जनता की न्याय संबंधी आवश्यकता है। जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, तब तक अधिवक्ता समाज का संघर्ष जारी रहेगा।



24 कोसीय परिक्रमा महोत्सव में बुलडोजर से की गई पुष्पवर्षा

सम्भल (चिंगारी)। 24 कोसीय परिक्रमा महोत्सव के तहत शुक्रवार को श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। प्रमुख तीर्थ स्थलों और मंदिरों पर ड्रोन एवं बुलडोजर के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई, इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल और पुलिस अधीक्षक विकासचन्द्र त्रिपाठी ने विभिन्न तीर्थ स्थलों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सबसे पहले क्षेमनाथ तीर्थ (नैमिषारण्य तीर्थ) पहुंचे। यहां उन्होंने तीर्थ परिसर में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ड्रोन से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। अधिकारियों ने 24 कोसीय परिक्रमा के तैयार किए गए मॉडल, फूलों से सजी आकर्षक फ्लेक्सी और जलाशय का निरीक्षण किया। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद अधिकारियों ने 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ग्राम चंद्रायन स्थित चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर



भी पहुंचे। यहां बुलडोजर और ड्रोन के माध्यम से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। अधिकारियों ने मंदिर परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मंदिर के निकट से गुजरने वाली प्राचीन महिष्मति नदी के पुनरोद्धार कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली।

परिक्रमा महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए प्रमुख मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर विशेष सजावट एवं प्रकाश व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को आयोजन से संबंधित जानकारी देने के लिए एलसीडी स्क्रीन भी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 13 और 14 नवंबर को आयोजित महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन को प्राथमिकता दी जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखें। इस दौरान उपजिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सम्भल आदित्य प्रकाश, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

गाली देने के विरोध पर घायल किया मारपीट कर

नूरपुर (चिंगारी)। कस्बे के मोहल्ला ब्रहमपुरी निवासी महिला सतवेन्द्र कौर ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे उसके घर के सामने सोनू, नकुल व जट्टा सिंह गालियां दे रहे थे। इस दौरान उसके पति करनैल सिंह उर्फ सचिन आ गये। उन्होंने उक्त युवकों को गाली देने से मना किया तो युवकों ने लाठी-डंडे से करनैल सिंह पर हमला कर दिया। हमले में करनैल सिंह के काफी चोट आई है। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फ़रार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो भाइयों समेत तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष त्रिवेन्द्र राठी ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

पति की मौत के बाद बीमा राशि हड़पकर फराह को घर से निकाला

चांदपुर (चिंगारी)। एक विधवा महिला ने अपनी ससुराल वालों पर उसके पति की बीमा धनराशि हड़पने तथा उसके साथ मारपीट कर उसको घर से निकाल देने का आरोप लगाया।

पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना-पत्र में फराह शादमान पत्नी स्व. शादमान निवासी मुहल्ला चिम्मन हाल निवासी मौ. जाटान बिजनौर ने बताया कि उसके पति शादमान अहमद की 13 दिसम्बर 25 को सऊदी अरब में मृत्यु हो गई थी। फराह के अनुसार उसके पति ने 30 दिसम्बर 2021 को एक्सिस बैंक शाखा चांदपुर के माध्यम से मैक्स लाइफ इंश्योरेंस की बीमा पॉलिसी



ली थी, जिसमें नामिनी वे थी। पति की मौत के बाद वे इददत में थी। उसकी ससुराल पक्ष ससुर फुरकान, सास शमीमा, देवर फैजान, ननद दरखशा व नन्दोई दानिश ने मिलकर इददत के दौरान उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट की तथा जबरन उसकी अलमारी से उसका पासपोर्ट, इंश्योरेंस के कागज, आधार व पैन कार्ड, सोने-चांदी के आभूषण निकाल लिए तथा इददत में ही उसे घर से निकाल दिया। फरहा ने बताया कि जब उसने अपने पति के बीमा क्लेम के बारे में जानकारी की तो पता चला कि ससुराल वालों ने बैंक के कर्मचारियों से मिलकर उसका नाम नोमनी से हटवाकर बीमे की धनराशि छल-कपट कर व कूटरचित दस्तावेज देकर अपने नाम करा ली। बीमे की धनराशि मांगने पर ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा उसके साथ गाली-गलौच की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

एआईएमआईएम व आसपा नेताओं ने की आपसी तालमेल व गठबंधन को लेकर चर्चा

एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशियां मनाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) व आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के पदाधिकारियों की एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन शुक्रवार को दोपहर एआईएमआईएम के नजीबाबाद विधानसभा कार्यालय पर विधानसभा अध्यक्ष आफताब अंसारी के नेतृत्व में किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एआईएमआईएम के विधानसभा अध्यक्ष आफताब अंसारी, आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी व साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मौअज्जम, फहीम अंसारी एडवोकेट एवं एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष रियाज कासमी ने संयुक्त रूप से गठबंधन को लेकर पत्रकारों के सामने अपनी बात रखी। इस दौरान दोनों राजनीतिक दलों के बीच आपसी तालमेल व राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों दलों के नेताओं ने आपसी तालमेल, गठबंधन व आगामी रणनीति को लेकर विचार रखते हुए आसपा व एआईएमआईएम के एक साथ आने को क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण पहल बताया। एआईएमआईएम के नजीबाबाद विधानसभा



अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान आफताब अंसारी ने दोनों दलों के बीच बेहतर समन्वय व आपसी सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। आसपा के मंडल प्रभारी व साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने दोनों दलों को एक साथ आने को समय की जरूरत बताया। नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने दोनों दलों के बीच बने राजनीतिक तालमेल व गठबंधन की पहल का स्वागत किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एआईएमआईएम व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों में काफी जोश दिखा। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दोनों दलों के नेताओं ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी व एआईएमआईएम के गठबंधन पर खुशी जाहिर करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर एआईएमआईएम के पूर्व जिलाध्यक्ष अब्दुल्ला गुलजार, मनव्वर अली, अहसान पेंटर, अजमल खान, अशोक कुमार, साबू मकरानी, अयाज अंसारी, जिशान मुल्तानी आदि मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर किया गया सम्मानित

नजीबाबाद (चिंगारी)। मूलचन्द एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं समर्पण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा गया कि निरंतर मेहनत, लगन व अनुशासन ही सफलता की असली पहचान है। इस सम्मान से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन हुआ तथा अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह चौहान एवं उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता सिंह ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



पूर्व सैनिकों ने एसपी के कथित अभद्र व्यवहार के विरोध में ज्ञापन दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। पूर्व सैनिकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम बिजनौर को भेजा। ज्ञापन में पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व सैनिकों के प्रति कथित अभद्र व्यवहार का विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि उनका मकसद किसी अधिकारी का अपमान करना नहीं है, बल्कि अपने सैनिकों के सम्मान व स्वाभिमान के लिए न्याय की मांग करना है। उन्होंने कहा कि जिन सैनिकों ने अपना जीवन देश की सुरक्षा के लिए समर्पित किया है उसे अपने ही जनपद में सम्मान व न्याय के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी अधिकारी के जनपद के एक महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए पूर्व सैनिक के प्रति अपशब्दों का प्रयोग उचित नहीं है। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई कराने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सैनिक दिनेश कुमार, ब्रजपाल सिंह, अमित त्यागी, जगदीश, पुष्पेंद्र चिकारा, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।



जनगणना 2027 का द्वितीय चरण 16 नवम्बर से

नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर एजुकेशन बुन्दकी रोड़ नेकपुर में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण जनसंख्या गणना हेतु तहसील नजीबाबाद के अंतर्गत प्रगणक/सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दौरान एसडीएम द्वारा निरीक्षण करते हुए प्रगणक/सुपरवाइजर को 16 नवंबर 2026 से प्रारंभ स्वगणना हेतु प्रत्येक प्रगणक से 50 मकान/घरो का डाटा 40 बिन्दु पर तैयार करने हेतु निर्देश दिए। जिससे स्वगणना अधिक से अधिक कराई जा सके तथा साथ ही बूथ लेवल ऑफिसर को निर्देशित किया गया कि वह ऐप इंस्टॉल करे।

विंटेज द प्रीमियम सैलून एंड एकेडमी का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के बिजनौर रोड स्थित विंटेज द प्रीमियम सैलून एंड एकेडमी का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन नजीबाबाद चेयरमैन मुअज्जम इंजीनियर, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी मोहम्मद फैसल व सभासद मोहम्मद इब्राहीम एडवोकेट ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों ने सैलून के संचालक मोहम्मद आजम, कैप्टन विक्की, अर्शी व उनकी पूरी टीम को मुबारकबाद पेश की। वक्ताओं ने कहा कि महानगरों की तर्ज पर नजीबाबाद में हाईटेक सैलून खुलना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर नासिर कुरैशी, वसीम अहमद, युसूफ पहलवान, मुकीम कुरैशी, मोनू टाटा, शाहनवाज उर्फ मुखिया, सभासद रिजवान कुरैशी, वाजिद कुरैशी, अरशद उर्फ पप्पू ठेकेदार, जावेद कुरैशी आदि मौजूद रहे।





सूचना

मेरा पुत्र सुशील कुमार व पुत्रवधू हिना मेरे कहने सुनने में नहीं है। इसी बिनाह पर मैं आज दिनांक 14-11-2026 को अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उपरोक्त दोनों सुशील व हिना के किसी लेनदेन से मेरी व मेरे परिवार की किसी तरह की जिम्मेदारी नहीं होगी।

-नरेश कुमार पुत्र बसन्त सिंह, निवासी ग्राम जसवन्तपुर लुकादड़ी, नजीबाबाद, जिला बिजनौर

सभी जनपदवासियों को भैयादूज की हार्दिक शुभकानमाएं

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

बिजनौर में 52 दिन ही टिक पाए डीएम उमेश प्रताप सिंह

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन पर प्रतिबंध और अधिवक्ताओं से विवाद को लेकर रहे चर्चाओं में


श्री जोगिन्दर सिंह


उमेश प्रताप सिंह

बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह का महज 52 दिन में तबादला कर दिया गया। शासन ने उन्हें विशेष सचिव, लोक निर्माण विभाग के पद पर तैनाती दी है। उनके स्थान पर विशेष सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति जोगिन्दर सिंह को बिजनौर का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। जोगिन्दर सिंह इससे पहले रामपुर के जिलाधिकारी रह चुके हैं।

गौरतलब है कि श्रीमती जसजीत कौर के तबादले के बाद उमेश प्रताप सिंह ने बिजनौर के डीएम का कार्यभार संभाला था। यहां आते ही उन्होंने कई प्रशासनिक बदलाव करने का प्रयास किया। अभी उन्हें जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को समझने का पूरा मौका भी नहीं मिला था कि वह विवादों में घिर गए। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को लेकर उनका विरोध शुरू हुआ। यह मामला शांत भी नहीं हुआ था कि अधिवक्ताओं के साथ उनका विवाद सामने आ गया।

इसी बीच नगीना के एसडीएम को बदलने पर भाजपा विधायक सुशांत सिंह के साथ भी उनका विवाद हुआ। सुशांत सिंह ने उन्हें हटाने के लिये मुख्यमंत्री को लिखकर दिया था। हालांकि उमेश प्रताप सिंह का कहना था कि वह नियमों और प्रोटोकॉल के तहत काम करना चाहते हैं। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन पर रोक को लेकर उनका कहना था कि धरना-प्रदर्शन के चलते प्रशासनिक कार्यों में व्यवधान पड़ता है। अपने कार्यों के लिये कलेक्ट्रेट आने वाले आम लोगों को भी दिक्कत होती है। किसान यूनियन और वकीलों ने उनके आदेश को नहीं माना। लगातार विवादों और राजनीतिक खींचतान के बीच आखिरकार शासन ने उनका तबादला कर दिया। इस तरह उमेश प्रताप सिंह बिजनौर में महज 52 दिन ही जिलाधिकारी के पद पर रह सके।

जोगिन्दर सिंह होंगे नये डीएम

पड़ोसी जिले मुज़फ़्फ़रनगर के डीएम उमेश मिश्रा का भी तबादला



शासन ने प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कुल 38 आईएएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस फेरबदल में पड़ोसी जिले मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा का नाम भी शामिल है। उन्हें विशेष सचिव, नगर विकास के पद पर तैनाती दी गई है। उल्लेखनीय है कि उमेश मिश्रा भी इससे पहले बिजनौर के जिलाधिकारी रह चुके हैं। जसजीत कौर से पहले बिजनौर की बागडोर उन्हीं के हाथों में थी।

बाल दिवस पर कांग्रेसियों ने किया चाचा नेहरू को नमन


हुमायूं बेग का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

बिजनौर (चिंगारी)। पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर चाचा नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी दूरदर्शी सोच को याद किया। कार्यक्रम में पुन: शहर अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर हुमायूं बेग का कांग्रेसजनों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू केवल देश के प्रथम प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखने वाले महान दूरदर्शी नेता थे। बच्चों के प्रति उनके विशेष प्रेम और स्नेह के कारण ही उन्हें चाचा नेहरू के नाम से जाना जाता है। उन्होंने नेहरू जी के विचारों, साहित्यिक अभिरुचि और देश को वैज्ञानिक, शैक्षिक एवं औद्योगिक प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाने में उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला। हुमायूं बेग ने सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के बाद सभी कांग्रेसजन एवं पदाधिकारी ईदगाह रोड स्थित विकलांग विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें चाचा नेहरू के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। कार्यक्रम में मीनू गोयल, मौ. अकबर, जाफर हसनैन, मौ. हनीफ, काजी आतिफ, अनिल त्यागी, सविता सिंह, हीरा देवी, मास्टर रामपाल, मौ. सलीम, इस्तेखार अहमद, गुलशन कुमार, शमीम कुरैशी एवं आसिफ कुरैशी अपनी छोटी बिटिया के साथ उपस्थित रहे।

समर्थकों को खुशी हुई भारी, मेवा नवादा ने बाजी मारी

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। रेहड़ क्षेत्र के ग्राम चक में उदय वॉलीबॉल क्लब की द्वारा डे-नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय चौहान ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मंडल महामंत्री चंद्र प्रकाश, मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, बलवीर सिंह आदि बतौर अतिथि मौजूद रहे। टूर्नामेंट में मुरादाबाद, काशीपुर, सुल्तानगर, मेवानवादा, भटपुरा, धर्मपुर, मिर्जापुर आदि स्थानों की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच मेवानवादा व मिर्जापुर के बीच हुआ, जिसमें मेवानवादा की टीम विजयी घोषित हुई। विजेता, उपविजेता टीमों को अतिथियों ने सम्मानित किया। टूर्नामेंट के इस आयोजन में उदय कुमार, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, लव कुमार, अमन, कविराज सिंह, दिवाकर आदि का सराहनीय सहयोग रहा।



सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं



रिश्वतखोरी के ख़िलाफ़ एसपी के.के. विश्नोई का बड़ा एक्शन

एक दरोगा सहित चार पुलिसकर्मियों के ख़िलाफ़ मुक़दमा दर्ज

बिजनौर (चिंगारी)। एसपी केके विश्नोई एक्शन मोड में हैं, उन्होंने हरियाणा के पानीपत निवासी पूर्व सरपंच के भतीजे को हिरासत में लेकर मुकदमे से बचाने के नाम पर पांच लाख रुपये मांगने के प्रकरण में एक दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

पानीपत के गांव पत्थरगढ़ निवासी अमजद मजीदी पुत्र मौ. हारून ने नजीबाबाद थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 11/12 नवंबर की रात करीब डेढ़ बजे चार लोग उसके घर पहुंचे। उन्होंने खुद को बिजनौर के पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि उसका भतीजा हमजा पुत्र कौसर हत्या के प्रयास और जंगल में लकड़ी काटने के मुकदमे में वांछित है। आरोप है कि इनमें कुलवीर सिंह नाम का दरोगा वर्दी में था, जबकि गौरव, विजयपाल और उपेंद्र सादे कपड़ों में थे।

अमजद का कहना है कि उसने अपने भाई के माध्यम से हमजा को बुलवाया। इसके बाद पुलिसकर्मी उसे अपनी निजी कार में बैठाकर ले जाने लगे। वह भी उनके साथ थाना सनौली पहुंचा। वहां उसने दरोगा से भतीजे को निर्दोष बताते हुए पूछताछ के लिए बुलाने पर पेश करने की बात कही, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसकी बात नहीं मानी। आरोप है कि इसके बाद यूपी की सीमा में कैराना से पहले सड़क पर पुलिसकर्मियों ने गाड़ी रोक दी। वहां विजयपाल ने हमजा को छोड़ने के एवज में पांच लाख रुपये मांगे। अमजद ने 10-20 हजार रुपये खर्च के तौर पर देने की बात कही, लेकिन पुलिसकर्मियों ने पांच लाख रुपये की मांग दोहराई। रकम नहीं देने पर सुबह सात बजे तक साहनपुर चौकी पहुंचने को कहा और ऐसा नहीं करने पर हमजा को जेल भेजने की धमकी दी।

अमजद के मुताबिक वह सुबह अपने साथियों के साथ साहनपुर पुलिस चौकी पहुंचा। आरोप है कि दरोगा कुलवीर सिंह ने उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप संदेश भेजकर विजयपाल का नंबर दिया। करीब साढ़े दस बजे विजयपाल, गौरव और उपेंद्र चौकी पहुंचे और फिर पांच लाख रुपये मांगे। रकम नहीं देने पर हमजा को ऐसे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी, जिसमें हाईकोर्ट से भी जमानत नहीं मिल सकेगी। अमजद ने आरोप लगाया कि उसके साथी नौशाद ने पूरी बातचीत मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली और उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। उसने गुरूवार को पुलिस से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की।

एसपी के आदेश पर दरोगा समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि युवक को छोड़ने के नाम पर पांच लाख रुपये मांगने के आरोपी दरोगा कुलवीर सिंह, हेड कांस्टेबिल विजयपाल, सिपाही गौरव व उपेन्द्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

7 लाख की रिश्वत लेने का आरोपी दरोगा सस्पैंड

बिजनौर (चिंगारी)। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सीओ अफजलगढ़ की रिपोर्ट के आधार पर शेरकोट थाने में दर्ज एक मुकदमे की विवेचना के दौरान सात लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में उपनिरीक्षक ललित कुमार को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि दरोगा ने मुकदमे में नामजद एक व्यक्ति का नाम निकालने के एवज में उसके दोस्त के माध्यम से सात लाख रुपये लिए। मामले में सीओ अफजलगढ़ की रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने कार्रवाई की। दरोगा के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने के आदेश दिए है। 26 सितंबर 2026 को वाजिदपुर निवासी चन्द्रवीर सिंह की तहरीर पर शेरकोट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें आरोप था कि लापरवाही से फेंके गए पटाखों के अवशेषों के संपर्क में आने से उनके 16 वर्षीय बेटे रोहित और 14 वर्षीय रोहन गंभीर रूप से झुलस गए थे। उपचार के दौरान रोहन की दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई थी। इस मामले की शुरुआती विवेचना उपनिरीक्षक ललित कुमार को सौंपी गई थी। विवेचना के दौरान मुकदमे में नामजद शाकिर की नामजदगी गलत पाई गई। इसके बाद शाकिर ने थाने में पत्र देकर आरोप लगाया कि दरोगा ने उसे मुकदमे का भय दिखाकर डराया-धमकाया और उसके दोस्त हाशिम के माध्यम से मुकदमे से नाम निकालने के एवज में सात लाख रुपये लिए। एसपी ने शाकिर की शिकायत पर जांच सीओ अफजलगढ़ को सौंपी। सीओ अफजलगढ़ की रिपोर्ट में आरोपों को सही मानते हुए उपनिरीक्षक ललित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसपी ने उपनिरीक्षक के बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर भी रोक लगाई है।

जे.पी. स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ



वार्षिक खेल महोत्सव उड़ान का शुभारंभ करते अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी

चांदपुर (चिंगारी)। जे.पी. पब्लिक स्कूल, चांदपुर में वार्षिक खेल महोत्सव 'उड़ान 2026' का शुभारंभ अत्यंत उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ हुआ। विद्यालय परिसर खेलों के जोश, विद्यार्थियों की ऊर्जा और दर्शकों के उत्साह से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी रहे। भारतीय कबड्डी जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले राहुल चौधरी को 'शोमैन ऑफ कबड्डी' और 'रेड मशीन' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने 2016 के दक्षिण एशियाई खेलों तथा कबड्डी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। उनका संघर्ष, समर्पण और सफलता का सफर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के खेल प्रशिक्षकों का योगदान भी विशेष रूप से सराहनीय रहा। निकेंदर सिंह, राष्ट्रीय स्तर के बेसबॉल खिलाड़ी एवं पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से जुड़े खिलाड़ी तथा परविंदर सिंह, जिला स्तर के क्रिकेट एवं कबड्डी खिलाड़ी ने अपने अनुभव और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित किया। इन दोनों प्रशिक्षकों की मेहनत, लगन और प्रशिक्षण ने वास्तव में 'उड़ान' को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं।

यादगार बना खेल महोत्सव

खेल महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक विकास गुप्ता उर्फ़ रॉकी ने मुख्य अतिथि को बधाई देते हुए सभी छात्रों को उनके आदर्श आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत कुमार तोमर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं खेल विभाग के सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन यादगार बन गया। 'उड़ान 2026' का संदेश स्पष्ट था कि खेल केवल जीत और हार का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, संघर्ष करने की क्षमता और अपने सपनों को साकार करने का सशक्त मंच है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खारा आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com



आपके पेट में है मछली जैसा ऑर्गन

पैंक्रियाज



इसकी देखभाल बेहद जरूरी, जमकर पालक, गोभी और मूली खाएं

आपने कभी-न-कभी मछलियां जरूर देखी होंगी। उनकी बनावट और चंचलता मन मोह लेती है। देखकर तबीयत हरी हो जाती है। ऐसी ही एक मछली आपके पेट के पिछले हिस्से में रहती है, जो आपके तमाम अंगों को स्वस्थ रखती है। इसे हम पैंक्रियाज कहते हैं।



पैंक्रियाज को कैसे रखें स्वस्थ

पैंक्रियाटाइटिस के पेशेंट्स को भरपूर मात्रा में ताजी सब्जियां, फल और साबुत अनाज का सेवन करने के लिए कहा जाता है। स्वस्थ व्यक्ति भी अगर इनका सेवन करे तो पैंक्रियाटाइटिस से बचे रहेंगे। इनसे कार्बस का इनटेक कम होने के साथ फाइबर इनटेक बढ़ जाता है, जो गाल ब्लैडर की पथरी व हाई ट्राइग्लिसराइड्स के जोखिम को कम करता है। असल में इन दोनों ही स्थितियों में पैंक्रियाटाइटिस होने का जोखिम बढ़ जाता है।

पैंक्रियाज की सेहत अच्छी रखने के लिए क्या खाएं

❍ पैंक्रियाज के बेहतर स्वास्थ्य के लिए फूलगोभी, ब्रोकली, बंद गोभी, मूली, पालक और टमाटर जैसी सब्जियां फायदेमंद होती हैं। ❍ लहसुन भी अपने एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण के कारण लाभदायक है। इससे ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में बना रहता है। ❍ बॉडी को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। पानी की कमी होने से पैंक्रियाज में सूजन आ सकती है। प्रतिदिन 8 से 10 गिलास पानी पीते रहें। ❍ फलों में खीरा, तरबूज, स्ट्रॉबेरी, कीवी, अंगूर और शकरकंद आदि फायदेमंद हैं।

अगर पेशेंट को एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस इंफेक्शन है तो शरीर में सूजन बढ़ जाती है। इस स्थिति में खून गाढ़ा हो जाता है और क्लॉट्स बनने लगते हैं। सूजन से आर्टरीज को भी नुकसान होता है। इन सबसे ब्लड फ्लो प्रभावित होता है। ऐसी स्थिति में कार्डियक अरेस्ट की आशंका बढ़ जाती है।

क्या न खाएं:-

अगर आपको एसिडिटी की समस्या है तो चाय और कॉफी पीने से बचना चाहिए। कैफीन से पैंक्रियाज में एसिडिटी और जलन पैदा हो सकती है। नींबू पानी पी सकते हैं। अगर पैंक्रियाज की किसी बीमारी से जूझ रहे हैं तो क्या नहीं खाना है।

अगर पैंक्रियाज ठीक से काम न करे तो कई बड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

जॉन्डिस का खतरा बढ़ जाता है:- पैंक्रियाज बिलीरुबिन को कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभाता है। अगर यह बढ़ जाए तो लोगों को बार-बार जॉन्डिस होने लगता है। यह खून से आयरन निकलने के बाद बचे अपशिष्ट पदार्थ की तरह है। जब पैंक्रियाज खराब होने लगता है तो ये मैनेज नहीं हो पाता और बढ़ने लगता है, जिससे लोगों को बार-बार जॉन्डिस की बीमारी हो सकती है।

ब्लड शुगर बढ़ सकता है:- हाई ब्लड शुगर आमतौर पर पैंक्रियाज में आई परेशानियों के कारण होता है। जब पैंक्रियाज सही से काम नहीं करता तो इंसुलिन का प्रोडक्शन भी ठीक नहीं होता। इससे शुगर पचाने में मुश्किल होने लगती है। ऐसे में ब्लड शुगर हाई हो जाता है और डायबिटीज असंतुलित हो जाती है।

कुपोषण हो सकता है:- अगर लंबे समय तक पैंक्रियाज की बीमारी बनी रहे तो कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल आप जो कुछ भी खा-पी रहे हैं, वो पचेगा नहीं तो शरीर को क्या ही लाभ मिलेगा, इससे शरीर में न्यूट्रिएंट्स और विटामिन की कमी हो जाती है, इसलिए शरीर कुपोषित होने लगता है।


क्यों बिगड़ती है पैंक्रियाज की सेहत

पैंक्रियाज की सेहत क्यों बिगड़ती है यह जानना भी जरूरी है। लंबे समय तक तला-भुना खाने, शराब पीने और पानी कम पीने से पैंक्रियाज की सेहत बिगड़ सकती है। इसे पैंक्रियाटाइटिस के नाम से भी जानते हैं। कई मामलों में पैंक्रियाटाइटिस के कारण अज्ञात हैं।

पैंक्रियाटाइटिस होने पर आपके पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द हो सकता है। यह धीरे-धीरे पीठ तक फैल सकता है। इससे पीड़ित लोग अलग-अलग दर्द महसूस कर सकते हैं।

- ❍ पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द
- ❍ पीठ में दर्द
- ❍ बुखार आना
- ❍ उल्टी या मितली
- ❍ दिल तेज धड़कना
- ❍ पेट में सूजन

पैंक्रियाटाइटिस से पीड़ित लोग अगर गंभीर रूप से बीमार दिखें तो उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाएं।



गैर-मर्द से रिश्ता, फिर बच्चे को जन्म... सऊदी अरब में महिला को 100 कोड़ों की सजा

सऊदी अरब में केन्या की एक महिला को शादी के बाहर बच्चा पैदा करने के मामले में 100 कोड़ों की सजा सुनाई गई है। एस्थर वांजा मुथोनी सऊदी अरब में मेड का काम करती थी। उसका एक मिस्र के एक व्यक्ति के साथ रिश्ता था और इसी दौरान वह गर्भवती हो गई। बच्चे के जन्म के बाद उसका पिता सऊदी अरब छोड़कर चला गया। अस्पताल में बच्चे को जन्म देने के बाद मामला अधिकारियों तक पहुंचा। जिसके बाद, महिला को 100 कोड़ों की सजा भुगतनी पड़ी।

एक महिला रोजी-रोटी कमाने के लिए अपना देश छोड़कर हजारों किलोमीटर दूर सऊदी अरब पहुंची थी। घरों में काम करती थी, बच्चों की देखभाल करती थी और किसी तरह अपनी जिंदगी चला रही थी। फिर उसकी जिंदगी में एक मिस्री शख्स आया। दोनों के बीच रिश्ता बना। महिला गर्भवती हो गई। उसने एक बच्चे को जन्म दिया। लेकिन बच्चे के पैदा होते ही उसकी जिंदगी में ऐसा तूफान आया, जिसकी उसने शायद कल्पना भी नहीं की होगी। केन्या की रहने वाली एस्थर वांजा मुथोनी को सऊदी अरब में शादी के बाहर संबंध बनाने और बच्चा पैदा करने के मामले में 100 कोड़ों की सजा सुनाई गई है। महिला सऊदी अरब में घरेलू कामगार के तौर पर काम कर रही थी। वह हाउसकीपर और नैनी का काम करती थी। इसी दौरान उसका एक मिस्री शख्स के साथ रिश्ता बना। इसी रिश्ते से वह गर्भवती हुई और उसने एक बच्चे को जन्म दिया। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। असली मुसीबत तो बच्चे के जन्म के बाद शुरू हुई। मुथोनी ने अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया।



यहीं से पूरा मामला अथॉरिटीज तक पहुंच गया। सऊदी अरब में अस्पतालों को शादी के बाहर बच्चे को जन्म देने वाली महिलाओं की जानकारी अधिकारियों को देने की जरूरत होती है। यानी जिस अस्पताल में एक मां अपने बच्चे को जन्म देने पहुंची थी, वहीं से उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई का रास्ता भी खुल गया। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार, ऐसे कई मामले सामने ही नहीं आ पाते। इसकी वजह यह है कि कई अविवाहित महिलाएं अस्पताल जाने से बचती हैं और घर पर ही बच्चों को जन्म देती हैं। डू बोल्ड संस्था की संस्थापक एकातेरिना पोरास सिवोलोबोवा का कहना है कि ज्यादातर महिलाएं घर पर बच्चे को जन्म देती हैं, इसलिए उनके मामले रिपोर्ट ही नहीं होते। मुथोनी ने बताया कि जिस मिस्री व्यक्ति से उसका रिश्ता था, वह सऊदी अरब छोड़कर चला गया। बच्चे के जन्म के बाद महिला के पास न उस व्यक्ति का साथ रहा और न ही अपनी स्थिति से निकलने का कोई आसान रास्ता। उधर, सऊदी कानून के तहत उसे सजा का सामना करना पड़ा। पिछले महीने सुनाए गए फैसले के बाद अब मुथोनी को 100 कोड़ों की मार का डर सता रहा है। महिला ने बात करते हुए अपनी बेबसी जाहिर की। उसका कहना था कि उसे डर है कि वह 100 कोड़ों की सजा झेल नहीं पाएगी। उसने कहा, 'मैं इसके लायक नहीं हूं।' यही सवाल अब मानवाधिकार संगठनों को भी परेशान कर रहा है। ब्रिटेन स्थित ह्यूमन राइट्स संगठन अल-कस्त ने इस सजा की कड़ी आलोचना की है। संगठन की कार्यकारी निदेशक मरियम अलदोसारी ने इसे महिलाओं के खिलाफ हिंसा बताया। उनका कहना है कि महिला को कोड़ों की सजा देने के बजाय उसे वापस केन्या भेजा जाना चाहिए था।

34 दिन बाद वतन पहुंचा सहसपुर के युवक का पार्थिव शरीर

सऊदी अरब में सड़क हादसे में हुई थी दर्दनाक मौत

सहसपुर (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला अफगानान निवासी 29 वर्षीय मोहम्मद नाजिम का पार्थिव शरीर 34 दिन बाद आज 14 नवंबर को अपने वतन भारत पहुंच रहा है। सऊदी अरब में 11 अक्टूबर को हुए सड़क हादसे में मोहम्मद नाजिम की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस दुखद घटना के बाद से ही परिवार अपने बेटे के पार्थिव शरीर के भारत आने का इंतजार कर रहा था।


फाइल फोटो

बताया गया कि मोहम्मद नाजिम रोजी-रोटी की तलाश में सऊदी अरब गया हुआ था और वहां एक कंपनी में कार्यरत था। हादसे वाले दिन वह अपने साथियों के साथ कार से खाना खाने के लिए निकला था। इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि मोहम्मद नाजिम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की ख़बर मिलते ही सहसपुर स्थित उसके परिवार में मातम छा गया था। परिजन लगातार पार्थिव शरीर को भारत लाने की कोशिशों में जुटे हुए थे। आखिरकार 34 दिनों के लंबे इंतजार के बाद आज मोहम्मद नाजिम का पार्थिव शरीर भारत पहुंच रहा है। बड़े भाई आफाक ने बताया सऊदी में चल रही लड़ाई की वजह से टिकट होने में दिक्कत के कारण देरी हुई है। लंबे इंतजार के बाद बेटे का शव मिलने की ख़बर से परिवार का दुःख और गहरा हो गया है। मोहल्ले में भी शोक की लहर है। हर कोई इस दुःख की घड़ी में परिवार को सांत्वना दे रहा है। परिजनों की इच्छा है कि अपने वतन और अपने गांव की मिट्टी में ही उसे सुपुर्द-ए-खाक किया जाए। 34 दिनों का इंतजार आज खत्म होगा, लेकिन परिवार को लगा यह गहरा ज़ख़्म शायद कभी नहीं भर पाएगा।

ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता हुई

नांगल सोती (चिंगारी)। अमर शहीद भगत सिंह स्टेडियम नियामतपुर में बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष, खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित स्कूलों में गुणवत्तापरक और बेहतर शिक्षा देने के लिये लगातार प्रयासरत है। इसके लिये योगी सरकार ने स्कूलों का कायाकल्प करने का अभियान शुरू किया है। प्रतियोगिता में 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद में जटपुरा बौंडा का मौ. शाद प्रथम रहा। जूनियर स्तर की 400 मीटर बालिका दौड़ में समग्र विद्यालय गूढ़ा की राखी प्रथम रही। बालिका वर्ग जूनियर स्तर की खो-खो प्रतियोगिता में कंपोजिट स्कूल हसनपुर विजेता रहा। रीले दौड़ बालिका वर्ग में समग्र विद्यालय गूढ़ा विजेता रहा। अंकित चिकारा एवं हेमेन्द्र राणा के संचालक में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सहयोग हेतु ग्राम पंचायत गूढ़ा के प्रधानपति सरदार नरवैल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रणवीर सिंह सहरावत आदि उपस्थित रहे।


शिक्षकों एवं बच्चों के साथ उपस्थित ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल

बुरी नीयत से गन्ने के खेत में खींच लिया

नांगल सोती (चिंगारी)। एक महिला ने गांव के ही व्यक्ति पर जंगल जाते हुए बुरी नीयत से गन्ने के खेत में खींच लेने तथा बलात्कार करने के इरादे से कपड़े फाड़ देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम मोहम्मद अलीपुर द्वारका (तिसोतरा) निवासी महिला ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि जब वह अपने पशुओं के लिये चारा लेने जंगल जा रही थी, तो रास्ते में पहले से घात लगाये बैठे गुलाब सिंह निवासी मोहम्मद अलीपुर द्वारका (तिसोतरा) ने उसे पीछे से आकर पकड़ लिया तथा जबरदस्ती उठाकर गन्ने के खेत में ले गया। महिला के आरोप के मुताबिक आरोपी ने उसे धमकी दी कि जैसा वो कहता है, वैसा कर, वर्ना तेरे परिवार वालों को गोली मार दूंगा। आरोपी ने बलात्कार करने के इरादे से उसके कपड़े फाड़ दिये और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गुलाब सिंह के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 76, 351 (2) तथा 115 (2) के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

किसानों को स्टील की केन वितरित की

नांगल सोती (चिंगारी)। हरित प्रदेश मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा किसान जागरूकता कार्यक्रम के तहत एमसीसी नजीबाबाद के एमपीपी जालपुर पर किसान सदस्यों को जुलाई से सितंबर तक के बोनस के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा स्टील की केन (डिब्बे) वितरित की गई। इस योजना के अंतर्गत जुलाई से सितंबर तक न्यूनतम 65 दिन और 100 लीटर या उससे अधिक दूध की आपूर्ति करने वाले सदस्य किसानों को बोनस की जानकारी प्रदान की गई। किसानों को संस्था की योजनाओं एवं लाभों के बारे में बताया गया तथा स्टील की 5, 10, 15 एवं 20 लीटर की एसएस केन (डिब्बों) का वितरण किया गया। फील्ड सुपरवाइजर नितेश पंवार तथा उपेन्द्र सिंह ने किसानों को बताया कि कंपनी का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना तथा किसानों को संस्था से जोड़कर उनके आर्थिक विकास में सहयोग करना है। सहायक सुरेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।


वितरित की गई एसएस केन के साथ किसान।

घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ की

चांदपुर (चिंगारी)। महिला ने मुहल्ले के ही एक युवक पर उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ व जबरदस्ती करने का आरोप लगाया। पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना-पत्र में नगर के मुहल्ला सरायरफी निवासी एक महिला ने बताया कि अपने घर में अकेली थी, तभी मुहल्ले के ही जुबैर ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की तथा उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। उसके द्वारा विरोध करने पर जुबैर द्वारा उसके साथ मारपीट व उसकी जान लेने के इरादे से उसका गला दबा दिया। उसके शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चला गया। महिला के अनुसार शाम को उसका भाई घर आया तो उसने अपने भाई को घटना से अवगत कराया, उसका भाई मालूम करने के लिए जुबैर के घर गया तो जुबैर व 2-3 अन्य व्यक्तियों ने उसके भाई के साथ लाठी-डंडों व धारदार से मारपीट की तथा उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

भाजपा ने विकास का झंडा गाड़ा जनसंवाद के दौरान बोले सुंदर राणा



स्योहारा (चिंगारी)। जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा नेता ठाकुर सुन्दर सिंह राणा गांव-गांव जाकर भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में बीते दिन सुंदर सिंह राणा गांव सदाफल, कुरी बांगर, अलियारपुर,कस्माबाद में जाकर जनसंवाद किया। लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों से बात कर समाधान की बात भी कही। इस दौरान संजीव कुमार प्रधान, इंदर सिंह, खान चंद, यशपाल सिंह, ओम प्रकाश, गेंदा सिंह, दिनेश कुमार प्रधान, हुकम सिंह, योगेश सिंह, राजेश कुमार बूथ अध्यक्ष, भूपेन्द्र कुमार प्रधान, योगेश कुमार शर्मा, ओमप्रकाश, गोपाल सिंह, कैलाश कुमार, कमलेश कुमार, हुकम सिंह मलिक मौजूद रहे।

तोल न होने से नाराज किसानों ने डी.आर को पाल पर बैठाया, तोल शुरू होने पर जाने दिया

स्योहारा (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन कोऑपरेटिव गन्ना समिति धान क्रय केंद्र पर धान तोल न होने से नाराज भाकियू पदाधिकारी ने धरना प्रदर्शन किया, जिसमें मुरादाबाद मंडल से आए डीआर को किसानों ने पाल पर बैठाकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। किसानों को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत ने कहा किसानों के धान नहीं तोले जा रहे, एक महीने से ज्यादा समय हो गया तोल क्रय केंद्र शुरू हुए। अब तक 22 किसानों का ही धान तुला है, उसमें जिन किसानों के नम्बर पर धान तोल होनी थी नहीं हुई, किसानों में आक्रोश है। डी.आर के कहने पर धान तौल शुरू कराई गई। आगे किसी भी किसान की बिना नंबर के धान तोल नहीं होगी। प्रतिदिन 300 कुंटल धान सवेरे 9 बजे से शाम 5 बजे तक तोला जाएगा। डीआर के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। साथ ही शुगर मिल की ओर से डेवलपमेंट हेड ने कहा किसानों के पास सभी गन्ना वैरियटयों को शुगर मिल में तोला जाएगा। किसी किसान को वापस नहीं भेजेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा किसान सभी समस्याओं को लेकर समाधान तक आंदोलित रहेंगे। इस अवसर पर गजराम सिंह, छोटे सिंह यादव, महेश यादव, यशपाल सिंह, सत्यवीर सिंह,भूपेंद्र सिंह, मलखान गुर्जर, रामचरण सिंह, पोखर सिंह, आलोक कुमार, राजीव यादव, विनय कुमार आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



बीमार का हाल जानकर लौट रहे पति-पत्नी की दुर्घटना में मौत

चांदपुर (चिंगारी)। बीमार रिश्तेदार की मिजाजपुर्सी कर मोटरसाइकिल से वापस अपने घर जा रहे एक दम्पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से उनके घर में कोहराम मच गया।

जनपद जेपी नगर के कस्बा बछरायूं के मुहल्ला फकीरो वाला निवासी इरशाद अहमद (38 वर्ष) पुत्र गफ्फार अपनी पत्नी अंजुम (35 वर्ष) के साथ शुक्रवार की सुबह को अपने बीमार रिश्तेदार की मिजाजपुर्सी के लिए मोटरसाइकिल से चांदपुर आया था तथा दोपहर को वापस अपने घर बछरायूं जा रहा था। बताया जाता है कि चांदपुर धनौरा रोड पर ग्राम बागड़पुर के पास अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिये जाने से इरशाद अहमद की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी अंजुम


फाइल फोटो

गम्भीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई अंजुम को उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति-पत्नी की मौत की खबर से उनके घर में कोहराम मच गया। मृतक के तीन बेटी व एक बेटा है। चारों बच्चे अभी छोटे हैं। पुलिस ने दम्पति के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये है।

'खूनी मार्ग' के नाम से मशहूर है यह रोड

चांदपुर-धनौरा रोड पर जेपी पब्लिक स्कूल से बबनपुरा तक 5-6 किमी के रास्ते में आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है, जिसमें अब तक बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो चुकी है तथा बड़ी संख्या में लोग गम्भीर रूप से घायल हो चुके हैं। इस मार्ग पर आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए बहुत से लोग इस मार्ग पर चलने से बचते हैं।

धोखाधड़ी व ओवरलोड में खनन से भर दो वाहन पकड़े


पकड़े खड़े खनन के आरोपी वाहन।

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। रायपुरी बॉर्डर पर संग्रह अमीनों ने धोखाधड़ी व ओवरलोड के आरोप में खनन से भरे दो वाहन पकड़े। यूपी-उत्तराखंड की सीमा पर रायपुरी में यह कार्यवाही की गई है। संग्रह अमीन यादराम सिंह ने थानाध्यक्ष रेहड़ को बताया कि गुरुवार की दोपहर 11:30 बजे वाहन संख्या HR58 E 7703 का चालक नौशाद अली खनन भर कर उस लायल्टी से वाहन पास करने का प्रयास कर रहा था। जिस रॉयल्टी पर उस वाहन को प्रात: 6:27 बजे पास कराया गया था। रेहड़ पुलिस ने डंपर चालक नौशाद अली पुत्र ग्यासुद्दीन निवासी गांव दहलावाला के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर डंपर को सीज कर दिया गया है। उधर दूसरी ओर शुक्रवार तड़के रायपुरी बॉर्डर स्थित खनन चेक पोस्ट से निकलने का प्रयास कर रहे रेत से भरे एक ओवरलोड डंपर को वहां तैनात संग्रह अमीन शिवम धनज्याल ने पकड़ा और पुलिस में जरूरी कार्यवाही हेतु तहरीर दी। इस बाबत भी रेहड़ पुलिस ने ओवरलोड डंपर को कब्जे में लेकर इसकी रिपोर्ट खनन अधिकारी बिजनौर को भेज दी है।

वर्क वीजा के बदले टूरिस्ट वीजा थमा दिया

चांदपुर (चिंगारी)। एक युवक ने टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेजने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र में नगर के मुहल्ला चिम्मन निवासी मौ ज़ैद पुत्र खुर्शीद अहमद ने बताया कि उसे दुबई भेजने के नाम पर मौ. वाहिद पुत्र मुन्ना, मौ. नसीम उर्फ छोटा, मौ. वसीम व मौ. फईम शेरकोट ने उसे टूरिस्ट वीजा दे दी, जिसके लिए उसने वाहिद को एक लाख दस हजार रुपए आनलाइन व 70 हजार रूपए नकद दिए। मौ. ज़ैद ने बताया कि जब उसने इन लोगों से टूरिस्ट वीजा के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि वहां जाकर बदल जाएगी, लेकिन वहां वीजा नहीं बदला गया,तब वे अपने पैसे से भारत वापस लौट आया। मौ. ज़ैद ने बताया कि वे जब वे वाहिद को फोन करता है तो वे फोन नहीं उठाता। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

सड़क चौड़ीकरण का कार्य बन रहा लोगों के लिए परेशानी का सबब

धामपुर (चिंगारी)। नगर में सड़क चौड़ीकरण का कार्य लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया। नगीना चौक से पुराना धामपुर चुंगी के बीच शनिवार सुबह सड़क के एक ओर पानी भरने से अजीबोगरीब नजारा दिखाई दिया। सड़क पर जमा पानी देखकर ऐसा लग रहा था, मानो शहर के बीचोंबीच कोई टापू बन गया हो। दरअसल, सड़क चौड़ीकरण के लिए रात में जेसीबी से की गई खुदाई के दौरान नगरपालिका की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सुबह जलापूर्ति शुरू होते ही पानी सड़क पर फैल गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात में सड़क चौड़ीकरण के कार्य के चलते जेसीबी से खुदाई की जा रही थी। इसी दौरान



नगरपालिका की पानी की पाइपलाइन टूट गई। सुबह जब जलापूर्ति शुरू हुई तो पाइपलाइन से निकला पानी सड़क के एक तरफ भरता चला गया। देखते ही देखते सड़क का बड़ा हिस्सा पानी से लबालब हो गया। इसके चलते सड़क पर टापू जैसा दृश्य दिखाई देने लगा। सड़क पर पानी भरने से आसपास के दुकानदारों और व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भी आवागमन में दिक्कतें हुई। दुकानदारों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य जरूरी है, लेकिन खुदाई के दौरान पेयजल पाइपलाइन जैसी जरूरी सुविधाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए।

ठग पर पड़े ईश्वर की मार, गरीब रिक्शा चालक से ठग लिये 55 हजार

नहटौर (चिंगारी)। ठग इतने निर्दयी हो गये है कि अब उन्होंने गरीब रिक्शा चालक को भी नहीं छोड़ा। ग्राम अकबरपुर देवमल निवासी रिक्शा चालक तारा सिंह से ऑनलाइन ठगी कर 55 हजार रुपये हड़प लिए गए। ठग अब उनसे सीबीआई के नाम पर धमकाकर और पैसे मांग रहा है। ग्राम निवासी तारा सिंह पुत्र वीर सिंह रिक्शा चलाकर परिवार पालता है। 11 नवंबर 2026 से उसके मोबाइल पर एक अनजान व्यक्ति का फोन आने लगा। आरोपी ने सामान मंगाने का झांसा दिया और धीरे-धीरे करके उससे कुल 55,000 रुपये ठग लिए। आरोप है कि पैसे लेने के बाद भी ठग का लालच खत्म नहीं हुआ। वह अब भी बार-बार फोन कर और पैसे डालने का दबाव बना रहा है। मना करने पर धमकी देता है कि 'तुम्हें सीबीआई उठाकर ले जाएगी'। धमकी से तारा सिंह और उसका परिवार दहशत में है। पीड़ित ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना-पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई और ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

छूटे हुए हिंदू मतदाताओं को जोड़ें, घुसपैठियों के नाम हटवाएं कार्यकर्ता- योगी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में हिंदू मतदाताओं को जोड़ने का प्रदेशव्यापी अभियान चलाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका नेतृत्व करेंगे। आगामी 22 से 24 नवंबर पर चलने वाले अभियान में छूटे हुए हिंदू मतदाताओं के साथ पहली बार वोटर बने युवाओं को भी जोड़ा जाएगा। साथ ही मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर कराने की कवायद होगी। दरअसल, मुख्यमंत्री द्वारा एसआईआर में 1.27 हिंदू वोटर कम होने के बयान के बाद सचेत हुई भाजपा ने अब मुहिम चलाकर हिंदू मतदाता बनाने की कार्ययोजना बनाई है। शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भाजपा की मतदाता पुनरीक्षण अभियान कार्यशाला का शुभारंभ सीएम ने किया। इसमें भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने के तरीके बताए गए। साथ ही 22 से 24 नवंबर तक चलाए जाने वाले अभियान में पूरी सक्रियता दिखाने को कहा गया। सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता छूटे हुए मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराने में जुटें। जिन विधानसभा सीटों पर बीते चुनाव में कम अंतर में हार-जीत हुई थी, वहां खास सतर्कता बरतनी है। इसमें लापरवाही से चुनाव में दिक्कत हो सकती है। वहीं जिन सीटों पर अधिक अंतर से भाजपा प्रत्याशी जीते थे, वहां भी मतदाताओं की संख्या पर नजर बनाए रखना जरूरी है। जब पिछली बार हम लोग इसमें जुटे थे तो एक दिन में करीब 4 लाख मतदाता बने थे। ऐसा ही जोश फिर से अभियान में दिखाना होगा। कार्यशाला में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने भी विचार रखे। संचालन मुख्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने किया। सीएम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश के सभी पदाधिकारियों के साथ संगठन के सभी लोग भी दो-तीन बूथ की जिम्मेदारी लें और गहनता से अध्ययन कर मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित हिंदू मतदाताओं के नाम शामिल कराएं। इसके अलावा करीब 50 लाख महिलाएं जो शादी के बाद मायके से ससुराल



चली गई हैं, लेकिन उनका नाम दोनों जगह मतदाता सूची में नहीं है, उनके नाम भी जुड़वाएं। वहीं घुसपैठियों के नाम चार-पांच जगह हैं, उनके नाम हटवाने हैं। उनका इशारा प्रदेश में अवैध रूप से निवास कर रहे बांग्लादेशी नागरिकों की ओर था। प्रधानी की वोटर लिस्ट के नाम विधानसभा की मतदाता सूची में भी शामिल कराने को कहा। उन्होंने अलीगढ़ की कोल सहित उन सीटों का गणित समझाया, जहां जीत का अंतर कम था। हिंदुओं के 1.27 करोड़ वोट कटने पर कहा कि हमें आपत्ति करनी चाहिए थी, मगर विपक्ष बेवजह का शोर मचा रहा है। सरकारी योजनाओं के लाखों लाभार्थियों के नाम वोटर लिस्ट में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विश्व की तमाम अदृश्य शक्तियां आपको गिराना और मिटाना चाहती हैं। भारत के बढ़ते वैभव को वे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे। विपक्षी दल उनके हाथों की कठपुतली बने हैं। जो भारत का विरोधी है, वही भाजपा का विरोधी है। ये भाजपा सरकार को हटाने का षडयंत्र कर रहे हैं।

यूपी के 50 हजार छात्रों को टैबलेट बांटेंगे मुख्यमंत्री

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। सीएम योगी यूपी के 50 हजार छात्रों को तोहफा देंगे। यूपी सरकार ने युवाओं को तकनीक आधारित शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत टैबलेट वितरण की तैयारी शुरू हो कर दी है। इस चरण में टैबलेट वितरण अभियान की शुरुआत 15 नवंबर 2026 को लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल से होगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब 50 हजार छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित करेंगे। दूसरी ओर 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले कौशल दीक्षांत समारोह में भी अंतरराष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित करने का कार्यक्रम है।



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

रविवार, 15 नवम्बर 2026

मेष- समय सन्तोषजनक, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, आत्मीयजनों से सम्पर्क, धनागम का मार्ग प्रशस्त, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ, अध्यावसाय की ओर रुझान।

वृषभ- योजना का सुपरिणाम प्राप्त, उन्नति का प्रयास सार्थक, विवादास्पद मसला हल होने को, बौद्धिक क्षमता का विकास, कार्य क्षमता में वृद्धि, उल्लास का वातावरण।

मिथुन- समय निराशाजनक, बने-बनाये कार्यों में बाधा, आपसी सम्बन्धों में वैमनस्यता, प्रतियोगिता में असफलता, आय की तुलना में व्यय, अकेलेपन की अनुभूति।

कर्क- प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, किसी योजना का श्रीगणेश, व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान, आय के स्रोत।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, अधूरी नवयोजना की शुरुआत, मित्रों से विचार-विमर्श, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, मेल-मिलाप में रुचि, संभावित यात्रा सफल।

कन्या- सामयिक सिद्धि का प्रयास, सद्विचारों के उदय से आत्मिक शांति, परोपकार की भावना जागृत, आहार-विहार में नवीनता, वाहन से सुख, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

तुला- वैचारिक स्थिरता का अभाव, लापरवाही से नुकसान, व्यावसायिक हानि, समस्याओं से चिन्तित, पारिवारिक कलह, मन उदास, धन का अभाव, अशांति।

वृश्चिक- पुरुषार्थ के प्रति रुचि, आरोग्य सुख में उपस्थित व्यवधान समाप्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि।

धनु- योजना साकार होने की ओर, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, उत्तरदायित्व का निर्वाह, जिन्दगी में महत्वपूर्ण घटना घटित, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

मकर- आरोग्य सुख, आर्थिक व्यावसायिक सफलता, पुराने विवाद का समापन पक्ष में, नवसम्पर्क का सुयोग, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति।

कुम्भ- अभीष्ट कार्यों में विफलता, धर्म-अध्यात्म के प्रति अरुचि, आपसी सम्बन्धों में कटुता, पारिवारिक समस्याओं के चलते चिन्तित, धनागम में बाधा, यात्रा विफल।

मीन- उन्नति का सुअवसर, साहसिक प्रयास प्रगति पर, सद्विचारों का उदय, स्वजनों-परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, व्यक्तित्व का विकास।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

थाली और दिनचर्या बदलें, मधुमेह का जोखिम घटाएं!

विश्व मधुमेह दिवस (14 नवंबर) पर विशेष

**-दीपक कुमार अग्रवाल
(अध्यक्ष, रोटरी क्लब सारथी, बिजनौर)
संपर्क : 9412412046**

कुछ साल पहले तक घर आए मेहमान से पूछा जाता था- चाय में चीनी कितनी लेंगे? आज सवाल बदल गया है- चाय फीकी चलेगी या चीनी वाली? यह छोटा-सा बदलाव बताता है कि मधुमेह (डायबिटीज) हमारे घरों, खान-पान और दिनचर्या में कितनी गहराई तक पहुंच चुका है। मधुमेह अब केवल बुढ़ापे की बीमारी नहीं रहा। टाइप-2 मधुमेह युवाओं और नौकरीपेशा लोगों में तेजी से बढ़ रहा है, जबकि टाइप-1 मधुमेह बचपन या किशोरावस्था में भी हो सकता है। इसलिए इसे केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि परिवार और समाज की गंभीर स्वास्थ्य-चुनौती मानना होगा।



इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन (IDF) के 2025 Diabetes Atlas के अनुसार, दुनिया में 20 से 79 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 58.9 करोड़ वयस्क मधुमेह से प्रभावित हैं। भारत में इसी रिपोर्ट में वर्ष 2024 के लिए लगभग 8.98 करोड़ वयस्कों का अनुमान दिया गया है, जबकि ICMR-INDIAB के राष्ट्रीय अध्ययन में वर्ष 2021 के लिए लगभग 10.1 करोड़ लोगों का अनुमान लगाया गया था। दोनों आंकड़े अलग-अलग वर्षों और अध्ययन पद्धतियों पर आधारित हैं।

चिंता की बात यह है कि दुनिया में करीब 25.2 करोड़ लोगों को अपनी बीमारी का पता ही नहीं है। टाइप-2 मधुमेह अक्सर धीरे-धीरे विकसित होता है और शुरुआती चरण में लक्षण बहुत हल्के या बिल्कुल अनुपस्थित हो सकते हैं। इसी कारण कई लोगों को निदान तब होता है, जब जटिलताएं शुरू हो चुकी होती हैं।

मधुमेह क्या है?

आसान भाषा में समझें तो हमारे शरीर में अग्न्याशय (Pancreas) इंसुलिन नामक हार्मोन बनाता है। इंसुलिन रक्त में मौजूद ग्लूकोज को शरीर की कोशिकाओं तक पहुंचाने और उसका ऊर्जा के रूप में उपयोग करने में मदद करता है। जब शरीर पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना पाता या उसका सही उपयोग नहीं कर पाता, तो रक्त में ग्लूकोज बढ़ने लगता है। लगातार बढ़ा हुआ रक्त ग्लूकोज मधुमेह का मुख्य संकेत है। इसकी पुष्टि रक्त परीक्षण से होती है।

बदलती जीवनशैली का खतरा

एक आम नागरिक और आईटी पेशेवर के तौर पर मैं महसूस करता हूं कि टाइप-2 मधुमेह के बढ़ते जोखिम के पीछे हमारी बदलती जीवनशैली का बड़ा योगदान है। हमारी थाली से मोटे अनाज, दालें और हरी सब्जियां कम हो रही हैं, जबकि चाय में अतिरिक्त चीनी, मिठाइयां, कोल्ड ड्रिंक्स, मैदा और पैकेटबंद खाद्य पदार्थ बढ़ रहे हैं। ऊपर से मोबाइल और कंप्यूटर के सामने घंटों बैठना, गाड़ियों पर बढ़ती निर्भरता और शारीरिक मेहनत में कमी ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। इससे वजन बढ़ने और इंसुलिन प्रतिरोध-यानी शरीर की कोशिकाओं पर इंसुलिन का असर कम होने का खतरा बढ़ता है। टाइप-2 मधुमेह के जोखिम को स्वस्थ जीवनशैली से काफी हद तक कम किया जा सकता है, हालांकि टाइप-1 मधुमेह की रोकथाम इस तरह संभव नहीं है। शुरुआत में कोई बड़ा दर्द या स्पष्ट लक्षण न होने के कारण लोग मधुमेह को हल्के में लेते हैं। लेकिन लंबे समय तक शुगर अनियंत्रित रहने से दिल, किडनी, आंखों की रोशनी और हाथ-पैरों की नसों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

बचाव के लिए क्या करें?

इससे बचाव और जोखिम घटाने के लिए कुछ सामान्य आदतों में बदलाव बहुत उपयोगी हो सकता है।

नियमित जांच- भारत में 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों की मधुमेह स्क्रीनिंग की सिफारिश की गई है। परिवार में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा या अन्य जोखिम होने पर चिकित्सक की सलाह से जांच पहले भी करवाई जा सकती है। रक्त शुगर और bAvc जांच से पिछले लगभग 2-3 महीनों के औसत रक्त शर्करा स्तर का पता चलता है।

शारीरिक गतिविधि- सप्ताह में कम से कम 5 दिन, रोज 30 मिनट तेज पैदल चलें, साइकिल चलाएं या अपनी क्षमता के अनुसार व्यायाम करें। इस तरह सप्ताह में कम से कम 150 मिनट की मध्यम शारीरिक गतिविधि हो जाएगी। दफ्तर में लंबे समय तक लगातार न बैठें, हर 30-45 मिनट में उठकर कुछ मिनट टहलें।

संतुलित भोजन- खाने में सलाद, हरी सब्जियां, दालें, मोटे अनाज, फल और घर का ताजा भोजन बढ़ाएं। चीनी, मैदा, मीठे पेय, गहरे तले खाद्य पदार्थ और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित करें।

वजन और नींद- स्वस्थ वजन बनाए रखें, पर्याप्त नींद लें और तनाव कम करने के लिए योग, प्राणायाम या ध्यान को दिनचर्या में शामिल करें।

परिवार की भूमिका- घर में मीठे पेय और तले भोजन की मात्रा घटाएं। बच्चों को कोल्ड ड्रिंक के स्थान पर पानी, नींबू पानी या छाछ दें। परिवार के साथ टहलने, खेलने और संतुलित भोजन बनाने की आदत विकसित करें।

नियमित देखभाल भी जरूरी

जिन लोगों को मधुमेह है, उनके लिए केवल शुगर नियंत्रित करना पर्याप्त नहीं है। चिकित्सक की सलाह के अनुसार रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, किडनी, आंखों और पैरों की नियमित जांच कराते रहना चाहिए। समय पर जांच और उपचार से कई गंभीर जटिलताओं को रोका या उनकी गंभीरता घटाई जा सकती है। विश्व मधुमेह दिवस हमें यही याद दिलाता है कि सेहत की जिम्मेदारी सिर्फ डॉक्टरों की नहीं है। सामाजिक संस्थाओं, परिवारों, स्कूलों, कार्यस्थलों और प्रत्येक जागरूक नागरिक को भी आगे आना होगा।

मधुमेह से बचाव की शुरुआत हमारी रसोई, हमारी थाली और हमारी रोजमर्रा की आदतों से होती है। आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठाएं, लेकिन शारीरिक श्रम और सक्रिय जीवनशैली को न छोड़ें।



लेखक परिचय : दीपक कुमार अग्रवाल आईटी विशेषज्ञ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वर्तमान में वे रोटरी क्लब सारथी (बिजनौर) के अध्यक्ष एवं इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (IIA), बिजनौर के उपाध्यक्ष हैं। इससे पहले वे आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष और सेवा भारती के विभाग मंत्री रहे हैं।

मैट हेनरी का कहर, न्यूजीलैंड ने भारत पर 244 रनों से बड़ी जीत दर्ज की

माउंट मॉन्गानुई (एजेंसी/चिंगारी)। विल यंग (125) और टिम साइफर्ट (58) की शानदार पारियों के बाद मैट हेनरी (छह विकेट) और मैथ्यू फिशर (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने चौथे एकदिवसीय मुकाबले में शुक्रवार को भारत पर 244 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। 334 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को मैट हेनरी के गेंदबाजी कहर का सामना करना पड़ा। पहले ही ओवर में हेनरी ने रोहित शर्मा को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। इसके बाद इसी ओवर में उन्होंने दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली (शून्य) और कप्तान श्रेयस अय्यर (शून्य) का भी शिकार कर भारत के तीन विकेट झटक कर उसे संकट में डाल दिया। भारत का चौथा विकेट छठें ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ (पांच) के रूप में गिरा। उन्हें काइल जेमीसन ने आउट किया। इसके बाद इशान किशन और अक्षर पटेल ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिए 44 रनों की साझेदारी हुई। 18वें ओवर में मैथ्यू फिशर ने अक्षर पटेल (21) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 21वें ओवर में हेनरी ने इशान किशन (27) का भी शिकार कर लिया। नमन धीर ने भी कुछ देर तक संघर्ष किया लेकिन 24वें ओवर में फिशर ने उन्होंने भी 21 रन पर आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। 27वें ओवर की चौथी गेंद पर हेनरी ने गुरनूर



बराड़ (दो) को बोल्ड कर भारत की पारी का 89 रन पर अंत कर दिया। न्यूजीलैंड की ओर मैट हेनरी ने 27 रन देकर छह विकेट झटके। मैथ्यू फिशर को तीन विकेट मिले। काइल जेमीसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। आज यहां इससे पहले न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ 333 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए विल यंग और टिम साइटर्फ की सलामी जोड़ी ने 85 रन जोड़कर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर गुरनूर बराड़ ने टिम साइफर्ट को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। साइफर्ट ने 48गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए 58 रन बनाये। इसके बाद अक्षर पटेल ने निक केली (चार) और आकिब नबी ने डीन फॉक्सक्रॉफ्ट (आठ) का शिकार कर भारत की मैच में वापसी कराई। फ़िन ऐलन विल यंग के साथ चौथे विकेट के लिए 90 रन जोड़कर न्यूजीलैंड के लिए बड़े स्कोर की नींव को मजबूत किया। अक्षर पटेल ने 32वें ओवर में फिन ऐलन (41) का शिकार कर इस साझेदारी का अंत किया। उन्होंने 30 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाये। इसके बाद नमन धीर ने शतक बना चुके विल यंग का शिकार कर लिया। विल यंग ने 108 गेंदों में 14 चौके और चार छक्कों की मदद से 125 रनों की पारी खेली।

डिजिटल विपणन का ज्ञान युवाओं व उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण : ऋतु खंडूड़ी

उन्नत डिजिटल विपणन प्रशिक्षण का समापन

कोटद्वार (चिंगारी)। डिजिटल तकनीक के बढ़ते प्रभाव के बीच युवाओं और उद्यमियों को आधुनिक बाजार की जरूरतों के अनुरूप दक्ष बनाने की दिशा में जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार की ओर से आयोजित तीन माह के उन्नत डिजिटल विपणन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी 25 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में डिजिटल विपणन का ज्ञान युवाओं, उद्यमियों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। डिजिटल मंचों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरणों के प्रभावी उपयोग से स्थानीय उद्यमी अपने उत्पादों एवं सेवाओं को व्यापक बाजार तक पहुंचा सकते हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के साथ उनके व्यवसाय को नई पहचान दिलाने में भी सहायक होंगे।


डिजिटल विपणन प्रशिक्षण के समापन समारोह का आरंभ करती प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष।

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग ने बताया कि तीन माह तक चले प्रशिक्षण में विभिन्न क्षेत्रों एवं व्यवसायों से जुड़े 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षक विवेक जदली ने प्रतिभागियों को डिजिटल विपणन के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान डिजिटल मंचों का प्रभावी उपयोग, ऑनलाइन पहचान निर्माण, सामाजिक माध्यमों से विपणन, ऑनलाइन प्रचार-प्रसार तथा डिजिटल माध्यमों से व्यवसाय को आगे बढ़ाने की तकनीकों की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला उद्योग केंद्र के पूर्व महाप्रबंधक नरसिंह कर्णवाल, प्रबंधक राजेंद्र आर्य, सहायक प्रबंधक सलोनी नेगी एवं रिंकी कुकरेती, नीरज बंगारी तथा सिडकुल निर्माता संघ के अध्यक्ष सुनील गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सिडकुल निर्माता संघ सिगड्डी के सचिव विवेक चौहान ने किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान

कोटद्वार (चिंगारी)। आगामी विधान सभा चुनावों के मद्देनजर उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव बलबीर सिंह रावत के नेतृत्व और ब्लाक अध्यक्ष दर्शन सिंह रावत की उपस्थिति में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पोखड़ा में प्रदेश सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव बलबीर सिंह रावत ने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, जंगली जानवरों का आतंक चरम पर है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। भाजपा सरकार की नीतियों के कारण जनता परेशान है, इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार को स्थापित करने के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। तत्पश्चात कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया। हस्ताक्षरित पत्र को 23 नवंबर को लोकभवन देहरादून में प्रदेश के राज्यपाल को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख पोखड़ा सुरेन्द्र सिंह रावत, कांग्रेस चुनाव मेनिफेस्टो समिति अध्यक्ष डॉ. प्रेम बहुखंडी और पूर्व विधायक प्रत्याशी राजपाल सिंह बिष्ट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

अपनी मांगों को लेकर आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्त्रियों का धरना जारी

कोटद्वार (चिंगारी)। मानदेय में बढ़ोत्तरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का तहसील में आंदोलन जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों का निराकरण नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, सेविका एवं मिनी कार्यकर्त्री संगठन के बैनर तले दुगड्डा, जयहरीखाल और रिखणीखाल इकाई की कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्रित हुईं। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी मांगें उठाईं। संगठन की जिलाध्यक्ष बसंती रावत और ब्लाक अध्यक्ष संगीता भट्ट ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। संगठन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में प्रतिदिन 140 रुपये तथा सहायिकाओं और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में प्रतिदिन 70 रुपये की बढ़ोतरी करने की मांग कर रहा है। इसके अलावा सेवानिवृत्ति पर अंशदान कल्याण कोष से एकमुश्त दस लाख रुपये दिए जाने की मांग भी उठाई गई। वहीं आशा कार्यकर्ता संगठन दुगड्डा ब्लाक अध्यक्ष प्रभा चौधरी ने कहा कि लंबे समय से मांगें उठाने के बावजूद मांगों का कोई समाधान नहीं निकला है। जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती, धरना और कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

घर में लगी आग में मां-बेटी झुलसी

कोटद्वार (चिंगारी)। कलालघाटी पुलिस चौकी इंचार्ज राजा राम डोभाल ने बताया कि किशनपुरी निवासी 26 वर्षीय अनु डबराल अपनी मां नीता डबराल के साथ घर में रहती हैं। कुछ समय पहले ही उनके पिता कमलेश्वर प्रसाद डबराल का निधन हो गया था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह अचानक घर में आग लग गई, जिससे मां-बेटी घायल हो गईं। बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे उनके घर से धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही वे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए दोनों घायल महिलाओं को अपने वाहन से कोटद्वार स्थित बेस अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। इसी दौरान अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। समय रहते पहुंचने और तत्परता दिखाने पर लोगों ने पुलिस की सराहना की।

रिसर्च के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किये गये सम्मानित

ऋषिकेश (चिंगारी)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान 'एम्स' में 'एनुअल रिसर्च डे' का आयोजन किया गया, जिसमें रिसर्च के क्षेत्र में उत्कृष्ट अनुसंधान करने वाले फैकल्टी सदस्यों व मेडिकल छात्रों को सम्मानित किया गया। डीन रिसर्च प्रोफे. संजीव मित्तल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर संस्थान द्वारा किये गए विभिन्न अनुसंधान कार्यों का ब्यौरा रखा। कार्यक्रम में रिसर्च के क्षेत्र में उत्कृष्ट अनुसंधान व नवाचार करने वाले 37 फेकल्टी सदस्यों और 14 मेडिकल के छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही डॉ. नेहा सिंह व डॉ. राकेश को भी सम्मानित किया गया। साथ ही शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले मेधावी शोधकर्ता भी सम्मानित किए गए। समारोह को एम्स ऋषिकेश के अध्यक्ष प्रो. राज बहादुर, डीन एकेडेमिक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय और डीन रिसर्च प्रो. संजीव कुमार मित्तल आदि ने भी संबोधित किया। डॉ. वंदना धींगरा के संचालन में आयोजित समारोह में प्रो. लतिका मोहन, प्रो. सोमप्रकाश वासु, प्रो. पंकज कण्डवाल, प्रो. रविकांत, प्रो. उत्तम कुमार नाथ, डीडीए ले. कर्नल गोपाल मेहरा सहित विभिन्न विभागों के फेकल्टी सदस्य, प्रशासनिक अधिकारीगण, स्टाफ और मेडिकल के स्टूडेन्ट्स मौजूद रहे।

समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन

कोटद्वार (चिंगारी)। नगर निगम के अंतर्गत सिमलचौड़ स्थित टीसीजी पब्लिक स्कूल की ओर से आयोजित सुर तरंग अंतर विद्यालयी समूह गान प्रतियोगिता में एमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कण्वघाटी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधक प्रकाश कोठारी ने बताया कि प्रतियोगिता में एमकेवीएन स्कूल के 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इनमें 12 गायक और तीन वादक शामिल रहे। विद्यार्थियों ने देश जागे, देश जागे, मंत्र सब गुंजा रहे हैं। देशभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी सुरीली आवाज, बेहतर तालमेल और संगीत कौशल से निर्णायकों को प्रभावित किया। टीम को इस सफलता तक पहुंचाने में संगीत शिक्षिका पारुल तिवारी का विशेष योगदान रहा। विद्यालय लौटने पर विजेता विद्यार्थियों और संगीत शिक्षिका का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकारी निदेशक मयंक प्रकाश कोठारी ने कहा कि संगीत और कला, संस्कृति की आत्मा हैं। विद्यार्थियों ने मंच पर अनुशासन और कला का बेहतरीन समन्वय प्रस्तुत किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

डॉ. विश्वसेन शरण दयानंद सरस्वती सम्मान से सम्मानित

कोटद्वार (चिंगारी)। विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय कांति प्रकाश आर्य की 9वीं पुण्यतिथि के मौके पर आर्य सुगन्ध संस्थान मुसेपुर नजीबाबाद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कण्वाश्रम पर शोधकर्ता डॉ. विश्वसेन शरण को महर्षि दयानंद सरस्वती स्मृति सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान संचालिका कमलेश आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने कहा था कि संसार का उपकार करना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है। आज भी महर्षि दयानंद सरस्वती के अनुयायी इस विचारधारा पर काम कर रहे हैं। कहा कि ट्रस्ट की ओर से जनहित के कार्य भविष्य में जारी रहेंगे। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मी देवी और सचिव डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

न्याय यात्रा निकाल रही कांग्रेस सभी मामलों में दिखाये एकरूपता : विनोद चमोली

देहरादून (चिंगारी)। धर्मपुर विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने कहा कि महिला सम्मान की लड़ाई का ढोंग रच रही कांग्रेस को दोहरे मापदंड से बाज आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा का आडंबर रच रही कांग्रेस को राजनैतिक लाभ के चश्मे को हटाकर उन पीड़िताओं की ओर भी ध्यान देने की जरूरत है जो उनके चतुर्भुज नेतृत्व में अहम स्थान रखते हैं और पीड़िता से संबंधित हैं।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के बयान पर उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड मे जांच से लेकर सजा तक जो प्रक्रिया अमल मे आयी उसे सबने खुली आंखों से देखा। जांच मे सभी तथ्यों को एजेंसियों ने परखा और आरोपी सलाखों के पीछे हैं। लेकिन कांग्रेस इसे राजनैतिक अवसर मानकर आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर शिष्टाचार भूल गयी है।

उन्होंने महिला उत्पीड़न पर श्वेत पत्र की मांग कर रहे कांग्रेस को नसीहत दी कि वह उन महिलाओं की दबी आवाज को भी उठाने की कोशिश करे जिन पर अब तक वरिष्ठ नेताओं ने चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि आवाज दबाने वाले खुद ही महिला उत्पीड़न के नये मामलों मे संलिप्त है। जैनी ने जो भी आरोप लगाए हैं कानून उस पर कार्य करेगा, लेकिन उसका जवाब भाजपा से नही, बल्कि कांग्रेस जैनी से ही पूछे बेहतर है। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी के मुद्दे को ढाल बनाकर सत्ता तक पहुंचने का ख्वाब देख रही कांग्रेस के मंसूबे पूरे नही होंगे। राज्य मे महिला उत्पीड़न के अब तक जितने भी मामले सामने आये उनमे आरोपी या तो जेल मे हैं अथवा सजा भुगत रहे है। कांग्रेस उन्हे कानून व्यवस्था मे खामी मानकर कोई अनैतिक आरोप नही लगा सकती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को चुप्पी तोड़ने की जरूरत है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

पुलिस ने चोरी की बाइक सहित एक आरोपी पकड़ा

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस के अनुसार ग्राम पदारथपुर निवासी मनोज प्रताप सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह ने 3 नवंबर 2026 को थाने में तहरीर देकर अपनी हीरो स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। 12 नवंबर को पुलिस क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कल्हेड़ी फ्लाईओवर के नीचे तिराहे से मुकदमे में प्रकाश में आए आरोपी रिहान पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम मुस्सेपुर थाना मंडावली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से बिना नंबर प्लेट की चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह छोटी-मोटी चोरी कर अपना खर्च चलाता है। उसने 31 अक्टूबर को दोपहर के समय नजीबाबाद स्थित न्यायालय सिविल के सामने से मोटरसाइकिल चोरी की थी।

खेलकूद प्रतियोगिता का मशाल जलाकर किया गया शुभारंभ

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सेंट मेरीस इंटर कॉलेज मंडावली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक फादर जोस आलूकल ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के आरंभ में मशाल जलाई गई। मशाल को सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शीबा अगस्टी ने प्रज्वलित किया। विद्यालय के चैम्पियन खिलाड़ी कनक राठी, अविका, वंशिका व सुधांशु ने मशाल लेकर फील्ड में एक चक्कर लगाकर खिलाड़ियों में जोश भर दिया। विद्यालय के प्रबंधक फादर जोस आलूकल ने प्रतियोगिता के प्रारंभ होने की घोषणा की। प्रतियोगिता में विभिन्न खेल दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक आदि का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन के विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता हाउस के अनुसार की गई। आज पहले दिन ग्रीन हाउस पहले स्थान, येलो हाउस दूसरे स्थान, रेड हाउस तीसरे स्थान व ब्लू हाउस चैथे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक द्विजेंद्र त्यागी, मुकुल राठी, शिव ओम राजपूत, स्वाति विशाखा, मासियत, बीना, शिवानी, साक्षी, पारुल, मानसी, दीपा आदि रहे।

जीवन में आत्मज्योति को जगाकर रखें- मीना दीदी

नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नजीबाबाद आश्रम की ओर से भाई दूज के पावन अवसर पर मीना दीदी ने पहुंचकर सभी भाइयों व बहनों को आत्मिक स्मृति का तिलक लगाया। मीना दीदी ने बताया कि हमें अपने जीवन में अपनी आत्मा ज्योति को जगा कर रखना है, दूसरों की मदद करनी है, सबको शुभकामनाओं की गिफ्ट देनी है, सभी को आत्मिक स्मृति का तिलक दिया गया व सभी का मुंह मीठा कराया गया।

किसानों व पत्रकारों पर दर्ज मुकदमें वापस लेने को ज्ञापन सौंपा

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं, मुंडा पांडे (मुरादाबाद) टोल प्लाजा द्वारा किसानों व पत्रकारों पर दर्ज फर्जी मुकदमों की गहन जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने, गन्ना मूल्य वृद्धि एवं किसानों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों की तहसीलों पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपे गए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सौराज सिंह के आदेशानुसार एवं बिजनौर जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत के निर्देश पर नजीबाबाद तहसील में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह एवं प्रदेश संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में पेराई सत्र 2026-27 में गन्ना घटतौली पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, घटतौली करने वाले दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कराने, गन्ने का मूल्य 550 प्रति क्विंटल घोषित कराने आदि की मांगें की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह, किरतपुर ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला महासचिव भूपेंद्र सिंह, जिला महासचिव अजयपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश सिंह, सूर्य सोल्डान आदि उपस्थित रहे।

आवश्यकता है

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा 5 से कक्षा 10 तक अंग्रेजी और विज्ञान हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

सभी जनपदवासियों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक शुभकानमाएं

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234







